तापमान

अधिकतम 32.3 डिग्री

न्यूनतम 14.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026



12 उपभोक्ताओं को दी गई स्मार्ट मीटर की तकनीकी जानकारी





13 योजनाओं के लाभ आम जनता को दिलाने कार्यकर्ता करें कड़ी मेहनत






# गर्मी से पहले ही सूखने लगे नल, आधा दर्जन वार्डों में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अलग खबर

अभी गर्मी ने पूरी तरह दस्तक भी नहीं दी है, लेकिन शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। कई इलाकों में हालात ऐसे हैं कि बाल्टी भरने में ही आधा घंटा लग रहा है। जिन घरों में मोटर लगी है, वहां भी राहत नहीं है। मोटर चालू करते ही साफ पानी की जगह लाल और मटमैला पानी निकल रहा है। इससे लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ रोजमर्रा के कामों में भी दिक्कत हो रही है। वहीं सबमर्सिबल पंप ने भी लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

शहर में गर्मी शुरू होने से पहले ही पानी की समस्या सामने आने लगी है। अलग अलग वार्डों से कम प्रेशर और पर्याप्त जलापूर्ति नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। हर साल अप्रैल–मई में पानी की किल्लत होती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही संकट दिखने लगा है। लोगों को डर है कि अगर अभी से ये हाल है तो मई-जून में स्थिति और खराब हो सकती है। वहीं लाल पानी आने की शिकायतें भी लगातार बढ़ रही हैं।

## टुल्लू पंप लगाकर लेना पड़ रहा लोगों को पानी, दूसरे क्षेत्र में भी हो रही समस्या

### कई वार्डों में घटा प्रेशर

पुरानी बस्ती कोहका वार्ड 13 हरितालाब के पास रहने वाले शिव कुमार वर्मा बताते हैं कि उनके इलाके में पानी की भारी किल्लत है। नलों में प्रेशर इतना कम है कि जरूरत भर पानी भी नहीं मिल पा रहा। सुबह लोग लाइन लगाकर बाल्टी और ड्रम भरने की कोशिश करते हैं, लेकिन कई बार बर्तन खाली ही रह जाते हैं। वार्ड 42 गौतम नगर निवासी अनिता देवी का कहना है कि पाइपलाइन में पानी का दबाव बेहद कम है। एक बाल्टी भरने में काफी समय लग जाता है। वार्ड 32 में भी हालात अलग नहीं हैं। यहां रहने वाली उषा सिंह, जे राजू, मो. अकबर, रजवंती देवी सहित मोहल्ले के लोगों ने बताया कि आदर्शनगर स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। पाइप लाइन तो गुजरी है लेकिन उसमें पानी नहीं। मजबूरी में लोगों को दूर दराज से पाली लाना पड़ता है।



पानी संकट से जूझ रहे वार्ड 32 के निवासी।



हाईवेयर लाइन सुपेला में कई घरों के बाहर लगे सबमर्सिबल पंप।

### सबमर्सिबल पंप से बिगड़ा जल संतुलन कई घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

शहर के कई वार्डों में पानी का प्रेशर पहले से ही कम है। अब कम दबाव के कारण लोग नलों में सबमर्सिबल पंप लगाकर सीधे लाइन से पानी खींचने लगे हैं। इससे हालात और बिगड़ रहे हैं। जिन घरों में सबमर्सिबल पंप लगा है, वहां तो पानी किसी तरह भर जा रहा है, लेकिन उसी लाइन में आगे रहने वाले परिवारों के नलों में पानी पहुंच नहीं पा रहा। नल खुलते हैं, पर पानी की एक बूंद भी नहीं आती। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह सप्लाई शुरू होते ही कुछ घरों में मोटर चालू हो जाती है। मोटर तेज दबाव से पानी खींच लेती है और पाइपलाइन में आगे का प्रेशर खत्म हो जाता है। इसका सीधा असर उन घरों पर पड़ रहा है, जहां मोटर नहीं लगी है। निगरानी की कमी के कारण कई जगह सबमर्सिबल पंप का खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर डराने वाला 4 गिरफ्त में



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर आने जाने वालों को डराने धमकाने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आम्रपाली वनांचल सिटी के पीछे हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ के पास कार में 3-4 युवक सवार थे। आने-जाने वाले लोगों को धारदार हथियार दिखाकर डरा रहे थे। जामुल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। आरोपियों में 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड निवासी दीपक नायकर, केम्प-2, छावनी समशेर आलम,जोन-1, खुर्सीपार शेख सानू,कैम्प 2पीयूष कुमार गुप्ता शामिल है। आरोपियों से पुलिस ने कार धारदार बटनदार हथियार पुलिस ने जब्त किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### कुगदा फाटक 12 दिनों तक रहेगा बंद



**भिलाई।** रेलवे द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत कुम्हारी से भिलाई 842/8-10 (कुम्हारी से भिलाई की ओर) स्थित मानव सहित समपार संख्या - 430 कुगदा फाटक में बेहतर सड़क आवागमन सुविधा के लिए रोड अंडरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। यह समपार फाटक 15. फरवरी से 26 फरवरी तक 12 दिनों तक सड़क पूर्णतः बंद रहेगा। समपार फाटक के निकट रायपुर की ओर लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर समपार फाटक क्र. 429 (परसदा गेट) स्थित है। दुर्ग की ओर लगभग 2.5 किलोमीटर की दूरी पर समपार फाटक क्र. 436 (उरला गेट) पर अंडरब्रिज निर्मित है। समपार फाटक संख्या 430 के आस-पास से आवगमन करने वाले लोगों को असुविधा नहीं होगी।

## गलियों में हो गया है कब्जा, रहवासियों को होने लगी है आवागमन में परेशानी

# संडे मार्केट और नंदिनी रोड में सड़क किनारे कब्जे का हाल फिर जस का तस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सुपेला संडे मार्केट और नंदिनी रोड सड़क किनारे दुकानदारों का सामान फिर से रोड पर दिखाई देने लगा है। सड़क बाधित करने वाले दुकानदारों ने अब तरीका बदल दिया है। सुपेला चौक से गुरुद्वारा तक पहले जैसा सड़क पर कब्जा नहीं किया है लेकिन उससे आगे से लक्ष्मी सब्जी मार्केट तक मुख्य मार्ग किनारे दुकान लगा रहे हैं। यहीं नहीं मुख्य सड़क से जो भी गलियां मुहल्लों में जा रही है वहीं पर ही दुकान लगाने लगे हैं। नंदनी रोड में सड़क के दोनों तरफ दुकानों का सामान रोड तक फिर से आ पहुंचा है। इस दोनों की स्थानों को हाल ही में नगरनिगम भिलाई और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई थी।

### सुपेला संडे मार्केट रोड



सुपेला संडे मार्केट की यह तस्वीर बयां कर रही है कि कब्जे कर दुकान चलाने का तरीका बदल गया है। यहां सड़क किनारे की दुकानदारों ने कब्जा जमा रखा है और बेधड़क होकर कारोबार करने लगे हैं। सुपेला संडे मार्केट अब सड़क मार्ग से जुड़ी गलियों के पास ही लगने लगा है। रहवासी बताते हैं कि मुख्य सड़क मार्ग तो खाली हो गया है पर अब गलियों में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। हाल यह है कि दुपहिया वाहन तक नहीं निकाल सकते। गली मार्ग के पीछे से आवागमन करना पड़ रहा है। दुकान लगाने से मना करने पर वाद-विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है।

### नंदनी रोड का यह हाल



नंदिनी रोड के दोनों किनारे पर दुकानों का सामान रखा जाने लगा है। जिसकी वजह से मुख्य सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। सामान लेने के लिए ग्राहक अपना वाहन खड़े करते हैं तो सड़क पर जाम की स्थिति फिर से बन गई है। ठेले और खोमचे वाले फुटकर व्यवसाय करने के लिए सड़क किनारे का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। ओवरब्रिज के नीचे नंदिनी रोड से लेकर एसीसी जामुल चौक तक यही दृश्य दिखाई देने लगा है। भारी वाहनों का यही से आना जाना होता है। पावरहाउस मार्केट भी आने जाने के लिए लोग इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से इस रोड पर ट्रैफिक की समस्या से लोग जूझ रहे हैं।

### संडे मार्केट का स्थाई समाधान नहीं

सुपेला संडे मार्केट का स्थाई समाधान निकले इसके लिए कोई कार्ययोजना नहीं बन पाई है। नतीजा यह हो रहा है कि सुबह-सुबह भिलाई निगम व पुलिस बल संयुक्त रूप से पहुंचती है और एक घंटे के बाद ये टीम चली जाती है। उसके बाद दुकानदार अपना कारोबार इसी जगह पर करना शुरू कर देते हैं। राहत यही है कि मुख्य रोड के बीचों-बीच फुटकर का कारोबार पर अंकुश लगा है। रहवासियों का कहना है कि फुटकर व्यवसाईयों के लिए कोई ऐसी योजना बनाई जाए कि वे यहां ट्रैफिक व्यवस्था को ध्वस्त न कर सके। एक दुकानदार को देखकर धीरे-धीरे दूसरा और फिर तीसरा दुकान लगने लगती है। निगम व प्रशासन भी अपने दीगर कार्यों में इतना व्यस्त हो जाती है कि आम जनता से जुड़ी इस महत्वपूर्ण मसले को हाशिए में डाल देती है। जिसका फायदा दुकानदार उठाने लगते हैं।

### ठोस कार्रवाई नहीं, केवल औपचारिकता

नंदिनी रोड किनारे दुकानदारों का सामान अपने दायरे में हो और ट्रैफिक समस्या को देखते हुए चार दिन पहले ही बेदखली कार्रवाई की गई थी। प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में पुलिस बल और भिलाई निगम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया। हाल यह था कि पूरा अमला लाठी लहराते हुए कब्जा हटाने को कहते रहे। चार लोगों के खिलाफ निगम ने जुर्माना ठोंक दिया और अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली। दूसरे दिन से ही इस रोड का हाल पहले जैसा हो गया है।

## पुलिस रिमाण्ड में मिली जानकारी

# गैंगरेप मामले में पुलिस ने किए दो कार व मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



- रिमाण्ड अभिरक्षा में भेजा गया जेल, सरकारी रेस्ट हाउस में घटना को दिया अंजाम

नाबालिग के साथ हुए गैंगरेप मामले में पुलिस ने आरोपियों से दो कार व मोबाइल को पुलिस ने जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि आरोपियों में दुर्गा नगर पश्चिम भिलाई निवासी विजय स्वाइन, जोन 1 खुर्सीपार अनिल चौधरी, चौकड़िया पारा, जिला राजनांदगांव गोविंद सिंह नागवंशी, सेक्टर 5 कृपा शंकर उर्फ राजू कश्यप, सेक्टर 10 अमित वर्मा,मीनाक्षी नगर बोरसी बीएन पाण्डेय (भीमनारायण), शांति नगर संजय पंडित है।

इनमें बीएन पाण्डेय, संजय पंड़ित ने न्यायालय में सरेंडर किया था। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 65(1), 70(1), 70(2), 351(3), 61(2) बीएनएस , धारा 376(2)(एन), 376(डीए) भा.द.स. लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पाक्सों) की धारा 6, 12, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(5) के तहत अपराध दर्ज किया। न्यायालय की अनुमति के बाद दोनों बीएन पाण्डेय, संजय पंड़ित आरोपियों को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर जांच की कार्रवाई किया।

रिमांड अवधि में पूछताछ में आरोपी भीमनारायण पांडे के निशानदेही पर कार सीजी 07-एयू-3526 और संजय पड़ित से 2 मोबाइल,कार सीजी 07 एटी 7047 जप्त किया गया।

### रेस्ट हाउस का जमकर किया उपयोग

आरोपियों ने जिले के कई सरकारी रेस्ट हाउस पर नाबालिग के साथ गैंगरेप किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने घटनास्थल का निरीक्षण भी कराया गया। जिसमें रेस्ट हाउस दुर्ग, रेस्ट हाउस उतई प्रमुख है। इसके अलावा कई सरकारी रेस्ट हाउस है जहां पावर का इस्तेमाल कर नाबालिग के साथ घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस टीम पहुंची जिसका वीडियोग्राफी भी की गई है।

# महिला पर कटर से हमला, युवक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

## नेवई थाना क्षेत्र की घटना



- आरोपी युवक पुलिस पकड़ से बाहर
- निजी अस्पतला में महिला का उपजार

घर से मंदिर पूजा करने जा रही महिला को एक युवक ने कटर से वार कर मौके से फरार हो गया।आसपास के लोगों की मदद से महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जहां महिला का उपचार जारी है।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर खोजबीन किया जा रहा है। नेवई पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी चंद्रकल नामक महिला मंदिर जाने के लिए निकली थी। अचानक पहुंचे युवक ने अपने हाथ में रखे कटर से महिला पर ताबड़तोड़ वार कर फरार हो गया। महिला विवाहित है उसका ससुराल बैकुंठधाम में है।

बताया जा रहा है कि महिला ने पहले कभी युवक को कुछ अपशब्द कहा था इसी को लेकर युवक आक्रोश में आ गया और महिला पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि महिला पर कटर से वार किया गया है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी का शिनाख्त लगभग हो गया है।

# जिले के फरार वारंटियों पर पुलिस की नकेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- दो दिनों से चल रहा था अभियान, 222 की हो चुकी है तामिली



लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी और लंबित वारंटों की तामीली के लिए पुलिस ने अभियान चलाया है। इस दौरान सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में लगातार कांबिंग गश्त और पतासाजी कर वारंटियों पर नकेल कसने का प्रयास कर रही है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि 13 फरवरी से अभियान शुरू किया गया जिसमें स्थायी (बेमियादी) और गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। पहले दिन पुलिस ने 32 स्थायी (बेमियादी) वारंट और 46 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। 14 फरवरी को 97 स्थायी (बेमियादी) वारंट और 47 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। दो दिन की संयुक्त कार्रवाई में 129 स्थायी (बेमियादी) वारंट और 93 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय में पेश किया। अभियान के दौरान पहले भी ऐसे 16 वारंटियों को लेकर नियमानुसार प्रक्रिया पूरी की गई। जिनकी मौत पहले हो चुकी है। इससे लंबित मामलों के निराकरण में भी सहायता मिली है।

पुलिस के मुताबिक निगरानी, कांबिंग गश्त के प्रयासों के माध्यम से लंबित वारंटों की तुरंत तामीली की गई। इस तरह की कार्रवाई पुलिस द्वारा चलती रहेगी। फरार रहने वाले आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई भी जारी रहेगी।

## दुर्ग जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रिंट से अधिक दर पर बेचा जा रहा सामान

# बाजार में पुराने रेट का गुटखा-सिगरेट बिक रहा बढ़े दाम पर, नियम को ताक में रखकर माल बेच रहे स्टॉकिस्ट

**नापतोल विभाग ने साध रखी है चुप्पी, अब तक नहीं हुई कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

केंद्रीय बजट पेश होने के बाद गुटखा और सिगरेट के दाम बढ़ गए हैं, लेकिन नियम के मुताबिक बढ़े हुए दाम पर उत्पादक केवल नया प्रोडक्शन या नई प्रिंट का माल ही बेच सकता है। इसके ठीक उलट दुर्ग जिले में धड़ल्ले से पुराने प्रिंट रेट का गुटखा सिगरेट बढ़े हुए दर पर बेचा जा रहा है। इससे जहां उपभोक्ता की जेब ढीली हो रही है तो वहीं स्टॉकिस्ट और चिल्हर दुकानदारों की चांदी है।

इस मामले की सच्चाई जानने के लिए हरिभूमि की टीम ने कई दुकानों में जाकर जानकारी ली तो पता चला कि वो लोग पुराने स्टॉक के माल को नए दर पर बेच रहे हैं। श्रीराम चौक भिलाई के एक दुकानदार ने बताया कि इसमें उनका कोई दोष नहीं है। कंपनी के सप्लायर बजट आते ही पुराने मामल को रोक दिए थे। अब पुराने प्रिंट के माल को हम लोगों को बढ़े दर पर दे रहे हैं। ऐसे में उनकी भी मजबूरी है कि वो अधिक दर पर सामान को बेचेंगे। दुकानदार का कहना है कि नापतौल विभाग को ऐसे सप्लायर और स्टॉकिस्ट के ऊपर कार्रवाई करनी चाहिए। जब उनके पास पुराने रेट पर माल आएगा तो वो भी इसे पुराने दर पर बेचेंगे। यही कहना रामनगर, वैशाली नगर, दुर्ग, उतई और जिला अस्पताल के पानठेला दुकान संचालकों का कहना है। उन्होंने खुद अपनी दुकान से पुराने प्रिंट के सिगरेट और गुटखा का पैकेट दिखाया और सप्लायर का पर्चा भी दिखाया कि उन्हें जब बढ़े हुए दर पर सामान दिया जा रहा है तो उनकी मजबूरी हो जाती है कि वो भी बढ़े रेट पर ही सामान को बेचेंगे।



### एमआरपी की अनदेखी, खुलेआम ज्यादा वसूली

| प्रोडक्ट | एमआरपी | छोटे व्यापारी | ग्राहक |
|---|---|---|---|
| चार्म्स सिगरेट | 45 रुपए | 55 रुपए | 60 रुपए |
| एडवांस सिगरेट | 88 रुपए | 100 रुपए | 120 रुपए |
| गोल्ड फ्लैक | 95 रुपए | 100 रुपए | 120 रुपए |
| बड़ी गोल्ड | 170 रुपए | 200 रुपए | 250 रुपए |
| बड़ी एडवांस | 170 रुपए | 200 रुपए | 250 रुपए |
| राजश्री गुटखा | 127 रुपए | 170 रुपए | 210 रुपए |
| आशिकी गुटखा | 130 रुपए | 145 रुपए | 180 रुपए |

### एमआरपी को लेकर दुकानदार और ग्राहकों में विवाद

पुराना एमआरपी और बढ़ा रेट लेने को लेकर कई जगह दुकानदार और ग्राहकों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली है। ग्राहकों ने कहा कि वो इसकी शिकायत करेंगे, तो दुकानदार भी यही कहते हैं कि शिकायत करने से कुछ नहीं होगा, उन्हें पुराने दर पर माल मिलेगा तभी तो वो पुराने रेट पर उसे बेच पाएंगे।




## खबर संक्षेप



### इंटेक दुर्ग भिलाई चैप्टर का आयोजन

**भिलाई।** इंटेक के दुर्ग भिलाई चैप्टर द्वारा वृक्षों के महत्व पर चर्चा तथा राष्ट्रीय पोस्टर चित्रकला स्पर्धा का चैप्टर स्तरीय आयोजन आज आमदी विद्यापीठ, हुडको में संपन्न हुई। आयोजन में दुर्ग-भिलाई के 8 स्कूलों के विद्यार्थी, शिक्षक तथा इंटेक के सदस्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि वनस्पति विज्ञानी डां. उमा गुप्ता ने मनुष्य के जीवन में पेड़ के महत्व को समझते हुए प्रत्येक विद्यार्थी से हर वर्ष में एक पेड़ लगाने का आव्हान किया। शिक्षाविद् डां. डीएन शर्मा ने वनांचल में आदिवासियों के वृक्षों पर सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक निर्भरता की चर्चा करते हुए बताया कि आदिवासी वृक्षों की न केवल पूजा करते हैं बल्कि वे उनके सबसे बड़े रक्षक भी है। पूर्व डीईओ रजनी नेलसन व आमदी विद्या निकेतन की प्राचार्या माधुरी कलशकर व इंटेक भिलाई की संयोजक डां. हंसा शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किए। चित्रकला स्पर्धा के 72 स्कूलीविद्यार्थियों ने पोस्टर बनाएँ और वृक्षों के महत्व पर अपने विचार लिखें। डीपीएस भिलाई, आमदी विद्या निकेतन हुडको, एंजेल वेली स्कूल, तुलाराम आर्य कन्या विद्यालय दुर्ग, खालसा स्कूल दुर्ग, शारदा स्कूल रिसाली, मां शारदा स्कूल से-9 व सुभाष विद्या मंदिर के प्रतिभागी इसमें शामिल हुए। इस अवसर पर आमदी शिक्षा समिति के अध्यक्ष दीपक रुद्र, लक्ष्मी नाग, सुनीता वर्मा, विश्वास तिवारी, केके गुप्ता, मनोरमा पांडे, स्मृति शर्मा, नीरू जैन, शांतनु, श्वेता पदमशाली, गौरी शर्मा, सुमिता सिंह, हर्षिता सालेम आदि उपस्थित थे।

## सुबह से ही लगी रही लंबी कतारें, गांव-गांव में महाशिवरात्रि की धूम

# शिवालयों में लगा रहा भक्तों का तांता ओम नमः शिवाय का गूंजा जयघोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

महाशिवरात्रि पर्व पर दुर्ग ग्रामीण अंचल में शिवालयों में सुबह से देरात तक भक्तों का तांता लगा रहा। ग्राम अंडा सहित अन्य ग्राम में महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि को लेकर विशेष अभिषेक और पूजन सहित भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीण अंचलो के भक्त सुबह से यहां पहुंचे और पूजा अर्चना करते रहे। सुबह से शहर के विभिन्न शिवालयों में भी महाशिवरात्रि पर्व पर अनुष्ठान के कार्यक्रम संपन्न किए गए। इस दौरान जलाभिषेक सहित विभिन्न अनुष्ठानों का आयोजन दिनभर होता रहा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त में अभिषेक पूजा के साथ पर्व की शुरूआत की गई। मंदिरों में हवन पूजन और विशेष श्रृंगार के बाद प्रसादी वितरण के साथ भंडारे का आयोजन चलता रहा। ओम नमः शिवाय का अखंड जाप भी चलता रहा। दोपहर शाम के बाद आखिर में रात्रि में अभिषेक पूजन किया गया। शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी महाशिवरात्रि की धूम रही। ग्राम अंडा, विनायकपुर, आमटी, निकुम, भरदा, कुथरेल, जंजगिरी, चिंगरी, आछोटी, जैसे इलाकों के शिवालयों में सुबह से भोलेनाथ की पूजा शुरू हुई।

मंदिरों में हुए अनुष्ठान



### अंडा थाना परिसर में शिवलिंग की स्थापना



**अंडा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अंडा थाना परिसर में विधि-विधान के साथ नए शिवलिंग की स्थापना की गई। इस अवसर पर थाना परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धा भाव से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चार एवं रुद्राभिषेक के साथ हुई। भागवताचार्य महेंद्र पाण्डेय द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच शिवलिंग की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इस दौरान थाना प्रभारी पारस ठाकुर सहित पुलिस स्टाफ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**रुद्राभिषेक पूजा आज** : श्री हनुमान मंदिर परिसर में नए शिवलिंग की विधि-विधान के साथ स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 16 फरवरी सोमवार को थाना अंडा में किया जा रहा है। जिसमें सुबह 11:00 बजे शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्राभिषेक पूजा की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 02:00 बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### अमलेश्वर में शिव रुद्राभिषेक एवं महाभंडारा



**सेलूद।** शिवपार्क कॉलोनी नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में स्थापित शिवमन्दिर का छठवां स्थापना दिवस एवं महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए शिवमन्दिर प्रबंधन समिति की ओर से ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि सुबह 7.30 बजे कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ की आरती के साथ हुई। दोपहर 11.30 बजे से शिव रुद्राभिषेक एवं आरती फिर महाभंडारा का आयोजन किया गया। यहां शिवपार्क कॉलोनी निवासियों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। मुख्य यजमान रेणु प्रमोद वर्मा ने शिव रुद्राभिषेक एवं आरती संपन्न कराई। शिव रुद्राभिषेक एवं आरती का कार्यक्रम आचार्य पंडित धर्मेंद्र शर्मा ने संपादित कराया। शिव रुद्राभिषेक एवं महाभंडारा कार्यक्रम में मोरध्वज साहू, नरेंद्र दुबे, प्रवीण चंद्राकर, नरेंद्र विश्वकर्मा, विजेंद्र चंद्राकर, पंडित राजकिशोर भट्ट, पुरुषोत्तम लखेरा, ए.के.जायसवाल, विनोद देशमुख, अभय सैनी, मनोज शर्मा, संतोष शर्मा, संदीप नायक , मुकेश पंडित, दानेश चंद्राकर, धनपाल कटरे, महेश निषाद, एन.एल.यादव, महेंद्र बंजारे, पी .पी.सिंह, मुकेश पंडित, लाल बहादुर साहू, देवनारायण चंद्राकर, रमेश ठाकुर, प्रेमनारायण शर्मा, श्रीमती अनिता कंवर, ध्रुव कुमार वर्मा, दिलीप केरकेट्टा, प्रदीप भोंसले, योगेंद्र साहू, गिरधर साहू, शुभम नामदेव, नागेश साहू, लक्ष्य देवांगन, दीनू ठाकुर, नरेश साहू, नीरज रॉय, विकास राजपूत,पी. डिगेश्वर, गोवर्धन सोनकर, शैलेंद्र श्रीवास, टोमन ठाकुर, बीरबल सिंह, आशुतोष सन्यासी, संतोष साहू, राहुल भूपेंद्र वर्मा, ओंकार साहू, अनूप सोनी, चंद्रकिशोर सहित शिव शक्ति महिला मानस मंडली और शिवपार्क कॉलोनी वासियों ने अपनी भागीदारी दी।

### जंवारा झांकी व कलश यात्रा के साथ महाशिवरात्रि प्रारंभ

**ननकटठी।** भूईं फोड़ भगवान शिव के नाम से सुविख्यात शिवधाम कोड़िया में मंदिर प्रबंधन समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय महाशिवरात्रि उत्सव के आयोजन में पहले दिन 14 फरवरी को अनंदगांव बेरला की आकर्षक खेल जंवारा झांकी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शाम 6 बजे पुरोहित पं. चम्पेश शर्मा द्वारा भूमि पूजन पश्चात श्री रामभक्त हनुमान मानस मंडली ने संगीतमय मानस गान प्रस्तुत किया। वहीं रात्रि 8 बजे से प्रसिद्ध पंडवानी गायक चेतन देवांगन पांहदा कुम्हारी का पंडवानी गायन हुआ। महाशिवरात्रि पर मध्य रात्रि से पुजारी रमेशबन गोस्वामी ने शिवजी के विशेष श्रृंगार के बाद अभिषेक पूजा आरती की। यहां दिन भर श्रद्धालुओं का दर्शन पूजन अभिषेक, भजन कीर्तन, सामूहिक सत्य नारायण कथा और परंपरागत विशाल महाशिवरात्रि मेला हुआ। शिव मंच पर सुबह 10 बजे से स्थानीय संत कबीर मानस मंडली का मानस गान, दोपहर 12 बजे सूर्यांश मानस परिवार राजनांदगांव का एवं 2 बजे जागृति मानस मंडली जामुल का सस्वर मानस गान हुआ। रात्रि 10 बजे श्रद्धा लोक कला मंच अहिवारा का छत्तीसगढ़ी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। डॉ नीलकंठ देवांगन ने बताया कि 14 फरवरी को रोमांचकारी खेल जंवारा व चेतन देवांगन का पंडवानी गायन और रविवार को रात्रि कालीन अहिवारा की मनोरंजक छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

## उपभोक्ताओं को दी गई स्मार्ट मीटर की तकनीकी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ पाटन में वृहद उपभोक्ता जागरुकता शिविर का आयोजन

उपभोक्ताओं को आधुनिक बिजली प्रणालियों के प्रति जागरूक करने के लिए स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत वितरण केंद्र पाटन में वृहद उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीएसपीडीसीएल पाटन संभाग के कार्यपालन अभियंता बीपी दीपक, सहायक अभियंता कमलेश कुमार साहू, कनिष्ठ अभियंता राजेश कुमार साहू और जीनस स्मार्ट मीटर के मैनेजर केदारनाथ साहनी उपस्थित रहे। शिविर में विभाग के कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय उपभोक्ताओं ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटर से जुड़ी शंकाओं को दूर करते हुए इसके विभिन्न फायदों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य रूप से उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की पारदर्शिता और सटीक बिलिंग के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह स्वचालित है, इससे मानवीय हस्तक्षेप खत्म होगा और गलत रीडिंग या बिलिंग की समस्या से निजात मिलेगी।

शिविर में उपभोक्ताओं को सिखाया गया कि कैसे वे मोर बिजली ऐप के माध्यम से अपने स्मार्ट मीटर का लाइव डेटा, बैलेंस और खपत की जांच कर सकते हैं। उपभोक्ता अपनी खपत को ट्रैक कर बिजली बिल कम कर सकते हैं।कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर और रिले ऑफ (लाइट बंद होने) की स्थिति में अपनाए जाने वाले कदमों के बारे में सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा मौके पर ही निराकरण किया गया।

### चुनकट्टा में महाशिवरात्रि पर निकाली शोभायात्रा

**सेलूद।** चुनकट्टा में महाशिवरात्रि महोत्सव व भव्य रोड-शो, शोभायात्रा कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। समिति के सदस्य व ग्राम के उपसरपंच अजयसिह राजपूत ने बताया कि दोपहर 12 बजे से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई, जिसने अदियोगी शिव मंदिर से होते हुए ग्राम भ्रमण पूरा किया। इस दौरान रोड शो में जय श्री महाकाल अघोरी ग्रुप ग्राम-बघेरा, जिला-दुर्ग की मनमोहक प्रस्तुति भी हुई।

## पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**उतई।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शनिवार 14 फरवरी को ग्राम मचांदुर के मेन चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह हमला वर्ष 2019 में हुआ था,जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जवान शहीद हो गए थे। भाजपा उतई मंडल महामंत्री प्रवीण कुमार यदु ने अपने संबोधन में पुलवामा हमले को देश के इतिहास की एक 'काली घटना' बताया। उन्होंने कहा कि इस हमले में 40 वीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। यदु ने ग्रामीणों से शहीदों के बलिदान को सदैव याद रखने और राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। भूतपूर्व उपसरपंच महेश साहू ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह सातवीं बरसी उनके त्याग,साहस और देशभक्ति की याद दिलाती है।सेवा सहकारी समिति मचादूंर प्राधिकृत अध्यक्ष फलेन्द्र सिंह राजपूत ने ग्रामीणों को एवं आस पास से आए हो ग्रामीणों को देश सेवा और अनुशासन का महत्व को समझाया। कार्यक्रम के दौरान शहीद जवानों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। युवाओं ने देशभक्ति गीत,कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। मचांदूर चौक परिसर में दीप प्रज्वलित कर वीर जवानों को नमन किया गया। अंत में, ग्रामीण युवाओं ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिनों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



ग्राम विनायकपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं में योगदान देने वाली सभी मितानिनों का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, शशि ठाकुर एवं उपसरपंच सहित पंच वार्ड सदस्य दुजबाई साहू, टीकाराम पटेल, द्रोपती चन्द्राकर, खिलेन्द्र चन्द्राकर, लतेश्वरी साहू, विक्रम सिंह साहू, जगन्नाथ देवांगन, दानेन्द्र कुमार नेताम, जनक साहू, चन्द्रकला धीवर, दिनेश सिंह देशमुख, धामिन बाई साहू, मंजू गजपाल, रेखलाल देवांगन, हीरालाल चन्द्राकर, त्रसित बाई देवांगन, निशा साहू, बोदिया बाई निषाद, जाशल कुमार सूर्यवंशी उपस्थित रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गोमती देवांगन, सुभाष देवांगन, प्रमिला साहू, शकुंतला ढीमर तथा सहायिका सूलोचना साहू, कुसुम, गोमती ढीमर, मालती ढीमर की सक्रिय भागीदारी रही। मितानिन सम्मान के अंतर्गत सेवती चंद्राकर, मीणा सूर्यवंशी, कल्याणी देशमुख, देवकी पटेल, मधु पटेल, पदमा चंद्राकर, रूपा चंद्राकर, रुक्मणी चंद्राकर, मंजू धनकर, भागेश्वरी साहू, कलेश्वरी साहू सहित सभी मितानिनों को साड़ी, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मितानिनें गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत कड़ी हैं, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके समर्पण और सेवा भावना से ही ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत हो रही हैं। समारोह का समापन आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।

चतुर्थ पुण्यतिथि



स्व. श्री बी.पी. सिंह जी
(रिटायर संयुक्त संचालक ITI मध्यप्रदेश)

स्वर्गवास दिनांक 16.02.2022, दिन बुधवार को हुआ था।
आज हम उनकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उनके जीवन की सादगी, उत्कृष्टता, कार्य के प्रति समर्पण एवं सहृदय व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा का अनन्य स्रोत बना रहेगा।
शत् शत् नमन

स्थान
कालीबाड़ी मंदिर के पास,
हाउसिंग बोर्ड, भिलाई (छ.ग.)


निवेदक
श्री अनिल कुमार सिंह (पुत्र)
+91 98266 32913

## अमलीडीह में टेनिस बाल क्रिकेट शुरू, डुमरडीह बना विजेता



**पाटन।** पाटन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम अमलीडीह में महाशिवरात्रि पर टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि युवा सरपंच रवि सिंगौर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं। उनके द्वारा डुमरडीह एवं भाठागांव टीम के बीच टॉस करवाया गया। मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें डुमरडीह टीम ने 6 ओवर में 80 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भाठागांव की टीम निर्धारित स्कोर तक नहीं पहुंच सकी और इस प्रकार डुमरडीह टीम विजेता घोषित हुई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गोकुल साहू, सरपंच प्रतिनिधि गजेंद्र मानिकपुरी, कामदेव कौसले (पूर्व सरपंच), खेमचंद जोशी (पंच), रग्गू ढीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ।

## पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी ने समर्पण दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में दुर्ग बस स्टैंड के सामने हाउसिंग बोर्ड परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य वक्ता के रूप में मीसा बंदी राम पाटणकर उपस्थित थे। राम पाटणकर ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संगठन कौशल और वैचारिक योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद भारतीय संस्कृति की मूल भावना को अभिव्यक्त करता है, जो अनेकता में एकता का संदेश देता है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सार्वजनिक शुचिता, संगठन और अंत्योदय के सिद्धांतों का उदाहरण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेता चैनसुख भट्टड़ ने कहा कि अंत्योदय का मंत्र आज भी प्रासंगिक है। जब तक अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति सशक्त नहीं होगा, तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री शैलेंद्र शैंडे ने किया।

बिजनेस साइट

## दुर्ग में नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप: ब्रेन, स्पाइन और हड्डी-जोड़ रोगों का आधुनिक इलाज एक ही छत के नीचे



**दुर्ग।** आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 17 से 21 फरवरी तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस विशेष कैंप में ब्रेन, स्पाइन, नसों के रोगों के साथ-साथ हड्डी एवं जोड़ संबंधी बीमारियों की भी विशेषज्ञ जांच और परामर्श दिया जाएगा।

न्यूरोलॉजी शिविर में सिरदर्द व माइग्रेन, लकवा (स्ट्रोक), मिर्गी, पार्किंसन रोग, नसों की कमजोरी, झनझनाहट या सुन्नपन, कमर व गर्दन दर्द से जुड़ी न्यूरोलॉजिकल समस्याएं, याददाश्त की कमी (डिमेंशिया), दिमाग और नसों के संक्रमण तथा नींद संबंधी परेशानियों का परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान डॉ. यश जैन और डॉ. कुलदीप सिंह मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श देंगे। शिविर में डिस्टोनिया शरीर में अकड़न या बार-बार झटके, हेमीफेशियल स्पाज्म चेहरे की नस फड़कना और ब्लेफारोस्पाज्म पलकों का बार-बार फड़कना जैसी जटिल समस्याओं का आधुनिक बोटॉक्स इंजेक्शन तकनीक से उपचार भी उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही हड्डी एवं जोड़ रोग शिविर में घुटने-कमर दर्द, गठिया, फ्रैक्चर के बाद की समस्या, कंधे व रीढ़ की तकलीफ जैसे मामलों की जांच और सलाह डॉ. अनुराग चंद्राकर द्वारा दी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार शिविर के दौरान निःशुल्क ओपीडी के साथ जांचों पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक मरीज आधुनिक उपचार का लाभ उठा सकें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सामूहिक पितृ-पूजन का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** श्री योग वेदान्त सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वावधान मे संत आशाराम बापू की संस्था द्वारा श्याम नगर में बाल संस्कार विभाग द्वारा मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यकर्म की शुरुआत बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया। उनके बाद प्रोजेक्टर के माध्यम से पूजन विधि दिखाई है उनके मंत्र उच्चारण कर माता पिता की तिलक कर आरती उतारी गई, फूल माला पहनाई गई और बच्चे माता पिता की सात परिक्रमा भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान माता पिता ने अपने बच्चे को आशीर्वाद दिए। यह जानकारी युवा सेवा संघ भिलाई दुर्ग ने दिए।

### 3 स्थानीय अवकाश घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सामान्य पुस्तक परिपत्र जीबीपी में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए दुर्ग जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाशों की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के तहत जारी यह आदेश जिले के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं पर लागू होगा। जिले में वर्ष 2026 के लिए नवा खाई 18 सितंबर शुक्रवार, दशहरा महाअष्टमी 19 अक्टूबर सोमवार और भाईदूज 11 नवंबर 2026 बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह स्थानीय अवकाश कोषालय, उप-कोषालय एवं बैंकों के लिए लागू नहीं होंगे। इन संस्थानों में कार्य दिवस सामान्य दिनों की तरह ही रहेंगे।

### शिशु मंदिर में दादा-दादी नाना-नानी सम्मेलन



**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय कसारीडीह दुर्ग में दादा, दादी, नाना, नानी सम्मेलन में भैया / बहनों ने आरती उतारकर बड़ों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किए। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह दुर्ग में दादा, दादी, नाना, नानी सम्मेलन का आयोजन किया गया, इसके मुख्य अतिथि रेवाराम देशलहरे, सेवानिवृत्त प्राचार्य थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में तेजसिंह साहू अभिभावक थे।

### प्रधानमंत्री आवास लोन मेला आज से

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिवस के रूप में आवास लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे हितग्राही, जिन्हें अपने मकान निर्माण या खरीद हेतु बैंक लोन की आवश्यकता है, वे इस मेले में शामिल होकर विभिन्न बैंकों से संपर्क कर आवास ऋण की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। यह मेला 16 फरवरी को जोन कार्यालय बोरसी, 17 फरवरी को जोन कार्यालय आदित्य नगर, 18 फरवरी को जोन कार्यालय उरला तथा 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से जोन कार्यालय पद्मनाभपुर में आयोजित किया जाएगा।

# 40 लाख से तैयार टेनिस बॉल टर्फ क्रिकेट ग्राउंड, महापौर ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत पीपीपी मॉडल के तहत पटरीपार वार्ड क्रमांक 21 में दुर्ग शहर का पहला आधुनिक टर्फ क्रिकेट ग्राउंड का निर्माण कर क्षेत्रवासियों को एक बड़ी सौगात दी गई है। लगभग 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस टर्फ क्रिकेट ग्राउंड का लोकार्पण महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, वार्ड पार्षद विद्यावती सिंह सहित बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों के साथ किया।

यह दुर्ग शहर का पहला टर्फ क्रिकेट ग्राउंड है, जिसे दुर्ग के हनुमान नगर स्थित इनडोर स्टेडियम के सामने सद्भावना भवन के पास विकसित किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह मैदान बच्चों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगा। लोकार्पण अवसर पर खिलाड़ियों ने प्रतीकात्मक रूप से क्रिकेट खेलकर मैदान का शुभारंभ किया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।मैदान निर्माण के साथ ही क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए लगभग 20 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य भी कराया गया है। सद्भावना भवन की बाउंड्री के चारों ओर नागरिकों के लिए सुगम आवागमन हेतु फुटपाथ का निर्माण किया गया है तथा स्ट्रीट नंबर 4 में भी पेवर ब्लॉक लगवाए गए हैं, जिससे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण एवं सुविधा दोनों बढ़ी हैं।इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चंद्राकर, अरुण सिंह, पार्षद मनीष कोठारी, गुलशन साहू,रंजीता पाटिल,सावित्री तमाहे, संजय अग्रवाल युवराज कुंजाम, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में वार्ड क्षेत्र नागरिकगण मौजूद थे। लोकार्पण कार्यक्रम में बुजुर्ग, बच्चे, युवा एवं महिलाओं की भारी उपस्थिति रही।

## वार्ड 21 में मैदान तैयार होने से क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह



### मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार

वार्डवासियों ने पटाखों की गूंज और मिठाई वितरण के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। स्थानीय पार्षद एवं नागरिकों ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में खेल एवं मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि युवाओं को बेहतर मंच मिल सके और वे खेल के माध्यम से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी सिखाता है। वार्ड पार्षद विद्यावती सिंह ने कहा कि यह टर्फ क्रिकेट ग्राउंड लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी, जो आज पूरी हुई है। इससे बच्चों और युवाओं को अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होगा।

## शहर के अधिकांश हिस्सों में गंदगी का आलम

# सफाई पर हर साल 1.26 करोड़ खर्च, फिर भी न झाड़ू है न ब्लीचिंग पाउडर, वार्डों से नहीं उठ रहा कचरा

## घरों से कचरा लेकर एसएलआरएम सेंटर तक पहुंचाने की है जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई-चरोदा निगम के 40 वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यूजर चार्ज लेने के बाद भी सफाई के नाम पर निगम का स्वास्थ्य विभाग खानापूर्ति कर रहा है। लोगों ने इसे लेकर महापौर और आयुक्त से शिकायत भी की है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है।

डोरटूडोर कचरा कलेक्शन के लिए गाड़ियां तो घरों तक पहुंच रही हैं, लेकिन कचरा कलेक्ट करने के बजाए सफाई कामगार सिर्फ ड्यूटी बजा रहे हैं, लोग उन्हें कचरा देने के लिए उनके पीछे दौड़ रहे हैं, लेकिन सफाई कामगार उनकी नहीं सुन रहे। वे पार्षद से इसकी शिकायत कर रहे हैं। पार्षद आयुक्त और महापौर को अवगत करा रहे हैं, लेकिन व्यवस्था नहीं सुधर रही। बता दें कि शहर के सभी 40 वार्डों में सफाई के लिए हर साल 1.26 करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है। प्रतिमाह करीब 10 लाख रुपए का भुगतान किया जा रहा है। इसके लिए 45 स्व सहायता समूहों की सेवाएं ली जा रही है। यह व्यवस्था शहर की करीब 1 लाख आबादी के लिए हैं, जो कि खानापूर्ति की भेंट चढ़ रही है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जारी होने वाली राशि पलीता किया जा रहा है। निगम ने सफाई कार्य के लिए स्व सहायता समूहों से अनुबंध भी किया है। फिर भी अधिकांश लोगों के निवास में जाकर कचरा नहीं लिया जा रहा है।





### घरों से नहीं उठ रहा कचरा

घरों से कचरा लेने और उसे सेग्रिगेशन सेंटर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी स्व सहायता समूहों को दी गई है। इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बाद भी नियमतः लोगों के घरों से कचरा सही तरीके से नहीं उठ रहा है। घरों से गीला और सूखा कचरा अलग करके नहीं दे रहे अनुबंध की शर्तों के अनुसार साइकिल रिक्शा या फिर ई-रिक्शा के साथ एक चालक और दो सफाई कर्मचारियों के साथ वार्डों में जाना है। जिन घरों में बुजुर्ग हैं या फिर जिस गली में रिक्शा नहीं जा सकती है। उन घरों में जाकर सफाई कर्मचारियों को कचरा लेना है। रिक्शे में भरना है। वहीं कचरा देने वालों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके देना होगा। लेकिन घरों से भी गीला और सूखा कचरा अलग करके नहीं दे रहे।

### चार्ज करने सेग्रीगेशन सेंटर भी बना है

ई-रिक्शा चार्ज करने के लिए पैनल भी बहुत कम निगम में 43 ई-रिक्शा और करीब इतनी ही साइकिल रिक्शा हैं। ई-रिक्शा को चार्ज करने के लिए सेग्रिगेशन सेंटर भी बनाया गया है। यहीं पर ही ई-रिक्शा को चार्ज करने के लिए करीब 8 लाख रुपए की लागत से पैनल बनाया गया है। फिर भी प्रत्येक ई-रिक्शा चार्ज नहीं हो पाता है। इसकी वजह से अक्सर निर्धारित ई-रिक्शा की तुलना में कम ई-रिक्शा ही चलती है। इसी वजह से अक्सर ई-रिक्शा समय पर नहीं पहुंचती है।

### विभाग में सामान नहीं



सफाई ठीक से नहीं की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग में कोई सामान नहीं है, साथ ही कर्मियों की भी कमी होने से सफाई व्यवस्था में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। 40 वार्डों में कई वार्ड काफी बड़ा है। जहां चार कर्मी लगता है लेकिन दो से ही काम चलाया जा रहा है।
**-देव कुमार भल्लावी**, प्रभारी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, भिलाई-चरोदा निगम

### न झाड़ू है या चूना पाउडर



स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण सफाई व्यवस्था खराब हो गई है। विभाग में न झाड़ू है न छिड़काव के लिए चूना पाउडर। 40 वार्डों में सफाई नहीं हो पाती है। सफाई की शिकायत करने के बाद भी व्यवस्था बेहतर नहीं किया जाता है। **-राम खिलावन वर्मा**, नेता प्रतिपक्ष

### सिर्फ खानापूर्ति हो रही



निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है। सफाई के नाम पर वार्ड की जनता को गुमराह किया जा रहा है। यूजर चार्ज लिया जाता है। निगम के अधिकारी सिर्फ कमीशन ले रहे हैं, इस कारण यहां न विकास हो रहा है, न ही सफाई का काम हो पा रहा है। आरोप है कि महापौर व आयुक्त दोनों ही जनता के अनुरूप काम नहीं कर पा रहे है।
**-राजेन्द्र सोनी**, पूर्व पार्षद भिलाई-चरोदा निगम

# योजनाओं के लाभ आम जनता को दिलाने कार्यकर्ता करें कड़ी मेहनत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरविंदर खुराना, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक से मुलाकात की। इस दौरान सुरेंद्र कौशिक ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की रीति नीति और संगठनात्मक दायरे में रहकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नवीन कार्यकारिणी अल्पसंख्यक मोर्चा, रिसाली और मरोदा पुरैना की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार की जनहित कार्य योजनाओं को जन-जन के बीच लेकर जाएं। योजनाओं के लाभ आम जनता को दिलाने के लिए एक कड़ी के रूप में कार्य करें। इस दौरान अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष शेख शकील, महेश जैन, एम आई फिरोजी, अजी मैथ्यू, सिंघाडा सिंह सोढी, जमील खान, सतविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिव महापुराण में बताई गई ज्योर्तिलिंग की कथा



**दुर्ग।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक मातृ भूमि सेवा समिति पद्मनाभपुर एवं शीतला स्वरूपा मंदिर समिति कसारीडीह के संयुक्त तत्वावधान में संगीतमय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन भागवताचार्य पंडित हेमंत दास वैष्णव द्वारा किया गया। शंकर जी दसावतार कथा,ज्योर्तिलिंग कथा, चढौत्री, शोभायात्रा निकाली गई।

# झारखंड के किसानों ने छत्तीसगढ़ में सीखीं उन्नत कृषि की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

झारखंड के रांची जिले के किसानों के दल ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले का अंतर-राज्यीय भ्रमण किया। इस दौरान

- किसानों ने नवाचारों का किया प्रत्यक्ष अवलोकन



किसानों ने जलवायु परिवर्तन के दौर में खेती को लाभप्रद बनाने वाली आधुनिक तकनीकों और नवाचारों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान किसानों ने पाटन ब्लॉक के ग्राम करगा का दौरा किया। यहाँ उन्होंने विशेष रूप से बिना जुताई के गेहूं की खेती और भीषण गर्मी को सहन करने वाली गेहूं की उन्नत किस्म कनिष्का के प्रदर्शनों को देखा। दल ने असिंचित क्षेत्रों में धान की कटाई के बाद खेत की नमी का उपयोग कर उतेरा तकनीक से तिवड़ा की खेती और मेड़ पर कम दिनों वाली राजेश्वरी फूले अरहर की खेती का भी बारीकी से निरीक्षण किया। किसानों ने स्थानीय प्रगतिशील कृषकों से सीधा संवाद कर इन तकनीकों से होने वाले आर्थिक लाभ और कम लागत के अनुभवों को साझा किया। इसके पश्चात कृषक दल ने कृषि विज्ञान केंद्र, पाहंदा (अ) का भ्रमण किया। यहां वैज्ञानिकों ने उन्हें धनिया, तिवड़ा, चना, सरसों और हल्दी की वैज्ञानिक खेती के गुर सिखाए। किसानों ने विशेष रूप से कम लागत वाली वर्मीकम्पोस्ट तकनीक, बीज उत्पादन और उद्यानिकी नर्सरी प्रबंधन में गहरी रुचि दिखाई। झारखंड के किसानों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि वे यहाँ सीखी गई तकनीकों को अपने क्षेत्रों में भी लागू करेंगे।

इस भ्रमण कार्यक्रम में झारखंड कृषि विभाग से अधिकारी विकास कुमार उपस्थित रहे। तकनीकी मार्गदर्शन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. विजय जैन, डॉ. कमल नारायण वर्मा, डॉ. ललिता रामटेके, डॉ. आरती टिकरिहा, सृष्टि तिवारी और कु. हर्षना चंद्राकर ने किसानों को विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर व्याख्यान

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य का अच्छा होना आवश्यक है। यह हमारे विचारों भावनाओं को प्रभावित करता है। अत्यधिक तनाव व काम के दबाव में हमारा मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। अपने कार्यों की गुणक्ता बनाये रखने के लिए हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। डॉ. वैभव शंकर सोनी ने कहा कि परीक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने परीक्षा से संबंधित डर को दूर करने के उपाय बताए। कड़ी मेहनत करें और अपने आत्म विश्वास को बनाए रखें। सकारात्मक मानसिकता हमें सफलता की ओर ले जाती है। शाश्वत तिवारी ने कहा- कि मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए ध्यान रखना चाहिए।

# स्मार्ट मीटर जागरुकता शिविर : 25 लोगों की शंकाओं का मौके पर हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बघेरा जोन के तहत गया बाई गवर्नमेंट स्कूल के सामने आयोजित

- गयाबाई शासकीय स्कूल के सामने हुआ आयोजन



स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा शिविर उपभोक्ताओं के लिए मददगार साबित हुआ। बिजली विभाग द्वारा आयोजित इस विशेष शिविर में न केवल तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ी, बल्कि मौके पर ही शिकायतों का निपटारा कर उपभोक्ताओं को त्वरित राहत प्रदान की गई।

शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की बारीकियों से अवगत कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 113 उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपने मोबाइल में मोर बिजली ऐप डाउनलोड किया। अधिकारियों ने उन्हें ऐप के माध्यम से बिजली खपत की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और ऑनलाइन बिल भुगतान की प्रक्रिया सिखाई। शिविर में अपनी शंकाएं लेकर पहुंचे 25 उपभोक्ताओं की विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। कार्यक्रम में 63 उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर की उपयोगिता और विभाग की इस पहल पर अपना सकारात्मक फीडबैक दर्ज कराया। शिविर में स्थानीय पार्षदों और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जनप्रतिनिधियों में वार्ड 3 गयानगर के पार्षद नरेंद्र बंजारे और वार्ड 4 राजीव नगर लीना दिनेश देवांगन शामिल हुए। विभागीय टीम का नेतृत्व अधीक्षण अभियंता, नगर वृत्त दुर्ग जेजे प्रसाद और कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग दुर्ग आरके दानी ने किया। साथ ही कार्यपालन अभियंता सुश्री गीता ठाकुर, सहायक अभियंता अंजू देसाई, कनिष्ठ अभियंता कुमुद और सुरेश सोनी ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के लाभ समझाए गए।

## भुइयां पोर्टल से होगी पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन

# पंचायतों को मिला अविवादित नामांतरण और बंटवारे का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब

- पंचायतों को आईडी और पासवर्ड प्रदान किया गया

अविवादित नामांतरण तथा अविवादित बंटवारा से संबंधित कार्यों के अधिकार राजस्व विभाग के साथ-साथ ग्राम पंचायतों को भी प्रदान कर दिए गए हैं। इससे ग्रामीण स्तर पर ही लोगों के कार्य शीघ्रता से निपटाए जा सकेंगे। इस नई व्यवस्था के तहत अविवादित नामांतरण एवं अविवादित बंटवारा की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से भुइयां पोर्टल के जरिए संपन्न की जाएगी। संबंधित ग्राम पंचायतों को इसके लिए अलग-अलग आईडी और पासवर्ड प्रदान किए गए हैं, ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर ही आवेदन प्राप्त करने से लेकर प्रक्रिया पूर्ण करने तक का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके।इसी क्रम में जिले की सभी ग्राम पंचायतों को आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिवों को भुइयां पोर्टल के संचालन, ऑनलाइन प्रक्रिया एवं रिकॉर्ड अपडेट करने की जानकारी दी गई।

### ईश्तहार और नोटिस अनिवार्यता

फौती नामांतरण के मामलों में सचिव द्वारा ईश्तहार जारी किया जाएगा। ईश्तहार जारी करने के बाद उसे पंचायत भवन में चस्पा कराया जाएगा तथा संबंधित पक्षकारों को विधिवत तामील कराया जाएगा। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 23 दिनों की प्रतीक्षा अवधि रखी जाएगी। इस दौरान यदि कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। यदि निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आती है, तो आगे की कार्यवाही करते हुए नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।



### लोक सेवा केन्द्र से होगा आवेदन

अब आवेदक अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन दर्ज करा सकेंगे। विशेष रूप से फौती नामांतरण मृत्यु उपरांत नामांतरण एवं अविवादित बंटवारा की प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी। लोक सेवा केन्द्र में आवेदन दर्ज होते ही संबंधित ग्राम पंचायत सचिव की आईडी में प्रकरण दिखाई देगा।

### 20 फरवरी तक लंबित मामलों के निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभी ग्राम पंचायतों को 20 फरवरी तक अविवादित प्रकरणों के लंबित मामलों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि प्रस्ताव एवं पंचनामा तैयार करते समय संबंधित सभी पक्षकारों के नाम स्पष्ट रूप से प्रविष्ट किए जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की त्रुटि या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके लिए पंचायत सचिवों, पटवारियों एवं संबंधित राजस्व अमले को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया है। जिले में अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त तहसीलदार क्षमा यदु एवं हुलेश्वर खूंटे ने पटवारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को ऑनलाइन प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे एवं तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता उपस्थित थे।

# क्रय प्रणाली को अधिक सुगम पारदर्शी और दक्ष बनाने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा मानव संसाधन ज्ञानार्जन और विकास विभाग के सभागार में अधिकारियों और इंडेंटर्स के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय आइटम कोडिफिकेशन प्रणाली में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्रियान्वयन तथा क्रय प्रक्रियाओं से संबंधित महत्वपूर्ण एवं समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श रहा, जिससे क्रय प्रणाली को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं दक्ष बनाया जा सके।सत्र के तकनीकी भाग में कोडिफिकेशन प्रणाली में एआई के क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रस्तुति वरिष्ठ प्रबंधक ए एंड डी विभाग एसपी. राजकुमार द्वारा दी गई। उन्होंने एआई



उपकरणों के माध्यम से आइटम कोडिफिकेशन में शुद्धता, दक्षता और मानकीकरण को सुदृढ़ करने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। तकनीकी परीक्षण से संबंधित विषयों पर सहायक महाप्रबंधक पर्चेस विभाग सिद्धार्थ ने प्रस्तुति दी। आईटीओ, एसटीओ एवं आईपीटी से संबंधित प्रक्रियाओं एवं विवरणों की जानकारी वरिष्ठ प्रबंधक (स्टोर्स) रवि कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य महाप्रबंधक सामग्री प्रबंधन केसी मिश्रा ने क्रय और कोडिफिकेशन प्रणाली में एआई के व्यावहारिक पहलुओं व इसकी रणनीतिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129






बाहर जाना है तो न्यू लुक...

● बाबा भोलेनाथ की अनोखी बारात : बाराती बने विधानसभा अध्यक्ष की पत्नी वीणा सिंह और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव

# बाबा की बारात में 15 फीट के अघोरी और भूत पिशाच हुए शामिल, इंडिया और एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुआ नाम, चारों पहर हुए अभिषेक और अनुष्ठान



महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को पूरे जिले में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिवालयों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। रूद्राभिषेक, प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लेकर शिवनाथ नदी और खारून नदी तट पर मेले का आयोजन किया गया। जगह-जगह भंडारा का आयोजन हुआ। पूरे दिन भोलेनाथ के इस पर्व पर गीत-संगीत गूंजायमान रहा। इन सबके बीच बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा आयोजित बाबा की बारात और शिव-पार्वती का विवाह संस्कार आकर्षण का केंद्र रहा। जहां इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के साथ साथ एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज किया गया।



भिलाई। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर हर साल उज्जैन महाकाल की तर्ज में निकलने वाली बाबा की बारात और शिव-पार्वती विवाह संस्कार का अनोखा आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। हथखोज से निकली बाबा की बारात में भूत-पिशाच नाचते-झूमते नजर आए और वहीं सैकड़ों की संख्या में डीजे-धुमाल और मनमोहक झांकी के बीच भक्त थिरकते रहे।

आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी वीणा सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, दुर्ग भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल देवांगन, पूर्व गृहमंत्री राम सेवक पैकरा, डीजीपी अरुण देव गौतम सहित अन्य बाराती बने।

आयोजन के दौरान छग के 151 सहित अन्य 7 प्रदेशों की 15 फुट की झांकियां जिसमें राम, रावण विभिषण भूत, पिशाच, भगवान शिव आंनद मुद्रा में नंदी पर बैठकर भ्रमण करते हुये झांकियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र रह। आंध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश के जबलपुर की नृत्य कला और 15 फुट की कंकाल खोपड़ी के भीतर से निकलकर शिव-पार्वती के वर माला की झांकी मनमोहक रही। बारात हथखोज से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खुर्सीपार मैदान में समाप्त हुई। जहां भंडारा के बाद शिव-पार्वती का विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। अपने तरह के इस अनोखे आयोजन में हजारों की संख्या में लोग स्वस्फूर्त शामिल हुए।

हथखोज से निकली बाबा की बारात में भूत-पिशाच और लोक नृत्यों की झांकी की शुरुआत खुर्सीपार मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रारंभ की गई। जो खुर्सीपार और केनाल रोड से होते हुए पूरी भव्यता के साथ बाबा की बारात क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों से निकली। जिसे देखने रोड को दोनों ओर हजारों की संख्या में खड़े भक्त बाबा की बारात का आनंद लिए। समिति के अध्यक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बाबा की बारात के आयोजन को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 18 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। दया सिंह ने कहा कि लोगों ने अपार प्यार-आशीर्वाद दिया है। मध्यभारत की सबसे बड़ी झांकी, सबसे बड़ी बारात निकालने की शक्ति बाबा से ही मिलती है। इस बार इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड के साथा साथ एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में आयोजन का नाम दर्ज हो गया। कार्यक्रम का संचालन सुमन कन्नौजे ने किया।

## बाबा की बारात में आकर्षक झांकियों ने बटोरी लोगों की प्रशंसा



बारात में हर जिले से झांकी और कलाकारों की प्रस्तुति देखने को मिली। देवी जस गीत और बाबा की भक्ति में लोग झूमते नजर आए।

■ आंध्रप्रदेश, हरियाणा, जबलपुर की झांकियों के साथ बारात ने किया नगर भ्रमण

आंध्रप्रदेश की श्रीकाकुलम नवदुर्गा अधोरत लोकनृत्य के कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा ने अघोरी श्मशान महाकाल विशेष प्रस्तुति दी। केरल से आए हनुमान भगवान के विशाल रूप के लोगों ने दर्शन किए। हंस-पक्षी नृत्य, शिव भगवान बूढ़ा नृत्य को लोगों ने खूब पसंद किया। जबलपुर से आई 11 विशाल झांकियों में भोले बाबा के दूल्हे स्वरूप को दर्शाया। समुन्द्र मंथन करते हुए देव दानव नजर आए। बस्तर के कोया नृत्य में 40 कलाकार एक साथ नाचते दिखे। राजनांदगांव व चिखली द्वारा भोलेनाथ द्वारा विषपान करते हुए नीलकंठ स्वरूप मनमोहक झांकी देखने को मिली। छत्तीसगढ़ के जिलों से आई 21 झांकियां, जिसमें 4000 से ज्यादा लोग राम रावण, विभीषण, भूत, पिसाच, राक्षस गण, ठारा बाबा की बारात में नाचते गाते नजर आए। उत्तर प्रदेश की अखाड़ा टीम, पंजाब से भांगड़ा टीम भी मनमोहक प्रस्तुति दी।



श्री अखिलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण प्रियंका नगर रिसाली में वार्ड 25 के पार्षद मनीष यादव ने परिवार सहित भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और भगवान शिव से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

## शिव गौरी की उपासना और शक्ति का महापर्व है महाशिवरात्रि



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम मोहलाई, नगपुरा चंगोरी,भरदा, मंचान्दूर, बोरीगारका, अंडा, कुथरेल, धनोरा, दमोदा, बोरई में महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर विभिन्न शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक कर प्रदेश में सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि महाशिवरात्रि भारतियों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। पौराणिक कथाओं के अनुसार माघ फागुन फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व पत्नी पार्वती की पूजा होती हैंऔर मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती हैं।

इस अवसर पर रिसाली मंडल जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जिला मंत्री गिरेश साहू, ,लिकेश्वर देशमुख, शीतला ठाकुर, प्रवीण यदु, चंदू देवांगन, फलेंद्र राजपुत, सुखदेव देवांगन, गिरेश्वर देशमुख, भुवन लाल देशमुख, हीरामन देशमुख, सुनील भारदिय, दिलीप साहू, देवनाथ देशमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।





सेक्टर-04 एसएनजी मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी महाशिवरात्रि पर विशेष अनुष्ठान किए गए। जिसके लिए मंदिर को दक्षिण भारतीय शैली में सजाया गया था।



## से. 7 शिवमंदिर में रुद्राभिषेक और भंडारा



भिलाई। सेक्टर 7 सड़क 35 शिवमंदिर में शिव मंदिर समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर्व भक्तिभाव से मनाया गया। सुबह भगवान शिव का रुद्राभिषेक व पुष्प, अक्षत, चंदन, बेलपत्र के साथ पूजाअर्चना हुई। इसके बाद दिनभर भंडारा का का आयोजन किया जिसमें अनेक लोगों ने भोग ग्रहण किया। मंदिर में सुबह दर्शन व पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आयोजन मंदिर समिति के राहुल यादव, राजकुमार जैन, धीरज यादव, आकाश साहू, गुलशन, वेदांत साहू, शुभम, पार्थ ओमप्रकाश, रवि, राजू, शानू चित्ती व प्रखर सोनी आदि का योगदान रहा।

## दुर्ग शिवनाथ तट पर गूंजा हर-हर महादेव महापौर और सभापति ने किया रुद्राभिषेक



**दुर्ग।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर शिवनाथ नदी के तट पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा भव्य रुद्राभिषेक और आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, सतीश बाघमार, सभापति श्याम शर्मा तथा सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका संभव जैन के साथ भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक किया और शहर की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवनाथ तट पर बर्फ की सिल्ली से आकर्षक शिवलिंग का विशेष निर्माण कराया गया। इसके अलावा मिट्टी से महाकाल बाबा की प्रतिकृति बनाकर रुद्राभिषेक किया गया जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं सांस्कृतिक प्रभारी हर्षिका संभव जैन ने इस विशेष शिवलिंग का पूजन कर शहर के मंगल, विकास और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने समस्त शहरवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा हम सभी पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन ईश्वर का आशीर्वाद है और हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज एवं शहर की उन्नति में योगदान देना चाहिए। साथ ही सभी ने संकल्प लिया कि प्रदेश एवं शहर में शांति और सद्भाव का वातावरण बनाए रखने के लिए सदैव सकारात्मक कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, युवराज कुंजाम, गुलशन साहू, प्रतिभा सुरेश गुप्ता, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी ,विनोद मांझी, मोहित मरकाम, करण यादव,थान सिंह यादव,अभ्युदय मिश्रा, ईश्वर वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक उपस्थित थे।

## नवनिर्मित मंदिर में भक्तिमय माहौल में हुआ तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

कार्नर न्यूज

# पावन शिवनाथ के तट पर साईं सरोवर में भक्तों को होंगे पंच देवों के दर्शन

**भिलाई।** महाशिवरात्रि का पर्व आध्यात्मिक और सामाजिक समरसता की दोहरी खुशी लेकर आया। मानव सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाले श्री शिर्डी साईं बाबा के पावन शिवनाथ नदी के तट पर भव्य नवनिर्मित मंदिर का श्री गणेश सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भक्तिमय वातावरण में हुआ। साईं सरेवर धाम मंदिर की विशेषता यह है कि यहां पांच देवों के दर्शन भक्तों को एक साथ होंगे।

साईं सृष्टि जन कल्याण संस्था द्वारा पुराना पुलगांव नाला ब्रिज से लगे नव प्रतिष्ठित साईं सरोवर धाम मंदिर पुराना पुलगांव पुल के समीप दुर्ग में तीन दिवासीय पंच देव प्राण प्रतिष्ठा और श्री साईं महाप्रसादालय भवन का लोकार्पण समारोह हुआ। तीनमंजिला इस भव्य मंदिर में पंच -देव भोलेनाथ,श्री विघ्नहर्ता, मां दुर्गा, बजरंगबली और श्री शिर्डी साईं बाबा की संगमरमर की मूर्तियों की प्राणप्रतिष्ठा 7 आचार्यों द्वारा वेदमंत्रो के साथ विधिविधान से करवाई गई। अनुष्ठान श्री साईं महाप्रसादालय व साईं





सरोवर के संस्थापक पं. मुकेश तिवारी व मुख्य जजमान संतोष रुंगटा सहित सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में हुआ।आज सुबह पंच देवों की प्राण प्रतिष्ठा व हवन, पूर्णाहुति के बाद महाभंडारा हुआ। संस्थापक पं मुकेश तिवारी ने बताया कि साईं सरोवर धाम में भक्तो को जहां बाबा के साथ पंच देवों के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा वहीं हमें पिछले दस साल से जारी जिला अस्पताल के मरीजों को परिजनों सहित अन्य भक्तों को भोजन कराने का पुण्य भी मिलेगा।

### उत्कृष्ट अवदान के लिए विशिष्टजनों का सम्मान

13 फरवरी से शुरु हुए तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले दिन मंदिर में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति व धार्मिक माहौल में शिवनाथ नदी तट से साई सरोवर तक भव्य कलशया निकली। इसके बाद आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ वेदी स्थापना व गंगा सहित 5 पावन नदियो के जल से पंच देवों का जलाधिवास करवाया गया। 14 फरवरी को मंडप पूजन,मूर्ति संस्कार,अन्नाधिवास व शैयधिवास अनुष्ठान हुआ। शाम का साई सरेवार से निकली साई बाबा की भव्य पालकी यात्रा साईमंदिर कसारीडीह के लिए निकली फिर वापस साई सरोवर में संपन्न हुई। इसमें महिलाओं व युवाओं सहित सैकड़ों भक्त शामिल हुए। शाम को भजन संध्या में साईं भजनों का लाभ भक्तों उठाया। अंतिम दिन मंदि परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज में उतकृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट जनों को सम्मानित किया किया। सम्मान समारोह में बतैर विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, रूंगटा ग्रुप के चेयरमेने संतोष रूंगटा, आर के मिश्रा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल व रजनी बघेल थे।

## सिटी इवेंट

# तेलुगु महा सम्मेलन में शामिल होने मुख्यमंत्री को निमंत्रण



**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन में 22 फरवरी को आयोजित वाडाबलिजा तेलुगु महा सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।वाडाबलिजा जातीय संघम भिलाई के प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर मुख्यमंत्री को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर आमंत्रित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित रहने की सहमति दी है। प्रतिनिधि मंडल में स्टियरिंग कमेटी के चेयरमैन मोरिपल्ली बाबूराव, सदस्य बर्री जोगाराव, संघ के अध्यक्ष डॉ. एल. जगन्नाथ राव, महासचिव कोंडप्पा कूर्माराव, कोषाध्यक्ष वासुपल्ली योगी रत्नम, संयुक्त सचिव बैपल्ली देवदासु, पूर्व अध्यक्ष गनगल्ला हरिकृष्ण सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।समाज के चेयरमैन बाबूराव ने बताया कि सम्मेलन में श्रीकाकुलम संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू भी शामिल होंगे। पलासा विधानसभा क्षेत्र की विधायक गौतु शिरीषा की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। इसके अलावा वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय और भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के भी कार्यक्रम में शामिल होने की जानकारी दी गई है। सम्मेलन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन सांस्कृतिक एकता, सामाजिक संवाद और संगठन को मजबूती देने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

## एजुकेशन लाइव

# सरोजनी नायडू के दृष्टिकोण पर हुई निबंध प्रतियोगिता



**भिलाई।** महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में महान स्वतंत्रता सेनानी और कवियत्री सरोजनी नायडू की जयंती राष्ट्रीय महिला दिवस के रुप में मनाई गई। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक भारत में महिलाओं की शिक्षा के लिए सरोजनी नायडू का दृष्टिकोण रखा गया था। भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना समाज और राष्ट्र का समुचित विकास संभव नहीं है। महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ.आशारानी दास ने राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम महिलाओं को सम्मान,अवसर और समान अधिकार देकर एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते है। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मोहना सुशांत पंडित ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में लेखन कौशल का विकास करना और समाज में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस निबंध प्रतियोगिता में बी.एड.द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया। जिसमे प्रथम बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा तिजेश्वरी, द्वितीय हर्षजीत कौर गिल, तृतीय स्थान पर खेमेश्वरी बघेल और सांत्वना पुरस्कार उषा नाग ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में शिक्षा विभाग की अन्य सहायक प्राध्यापिकाओं डॉ.हेमलता सिदार, डॉ.भावना चौहान, नाज़नींन बेग, आशा साहू, सत्यम मिश्रा और रोमा टंडन का विशेष योगदान रहा।



## समाज इवेंट

# मानसिक स्वास्थ्य पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार, डॉ विभा रहीं शामिल



■ 120 महाविद्यालय से करीब 400 प्रतिभागियों ने सहभागिता

**भिलाई।** मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर और शासकीय चंदूलाल चंद्राकार महाविद्यालय धमधा के संयुक्त तत्वाधान में जे योगानंदम कॉलेज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना कर की गई। इस दौरान भजन गायन और नृत्य का भी आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ एस. के. पटले, राज्य नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग, अंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जे. सी. अजवानी मनोवैज्ञानिक ने अपने विचार रखें। आयोजक प्राचार्य डॉ उषा किरण अग्रवाल और तपेश चंद्रगुप्त ने जानकारी देते हुए बताया कि 120 महाविद्यालय से करीब 400 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी। जिसमें नेहरू नगर भिलाई निवासी डॉ विभा रानी साहू मनोवैज्ञानिक ने पैनल के सदस्य के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वर्तमान में डॉ विभा रानी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोरचाटोला में कार्यरत है। समापन सत्र के मुख्य अतिथि आयुक्त संतोष कुमार देवांगन उच्च शिक्षा विभाग ने अपने विचार रखें। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अनामिका जैन और तरुण कुमार पदमवार ने किया।

● महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय के वार्षिक उत्सव में लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

# विज्ञान, संस्कार और देशभक्ति की बिखेरी छटा, ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति में जवानों के बलिदान ने किया भावविभोर

भिलाई। महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास, गरिमा और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान से संबंधित आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने पुलवामा आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और कारगिल युद्ध पर आधारित देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य और नाट्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों ने भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और अदम्य साहस को मंच पर जीवंत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान उत्कृष्ट और प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भिलाई आर्य शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष सरोज बहल सहित विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, विद्यार्थी, अभिभावक और समाज के गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के तैल्यचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की गई।



### मॉडलों की विद्यार्थियों ने की रचनात्मक व्याख्या

वार्षिक उत्सव के दौरान विज्ञान प्रदर्शनी, अकादमिक पुरस्कार वितरण, एक्टिविटी पुरस्कार वितरण के साथ ही विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संसाधन, गणितीय अवधारणाओं, सामाजिक संरचना, ऐतिहासिक विषयों और समसामयिक समस्याओं पर आधारित मॉडलों ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने मॉडलों की व्याख्या कर अपनी रचनात्मक सोच और विषयगत समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अकादमिक पुरस्कार प्रदान किए गए, वहीं खेल, कला एवं अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।







### देशभक्ति नृत्य-नाटिका प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा पुलवामा आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और कारगिल युद्ध पर आधारित देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य एवं नाट्य की प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और अदम्य साहस को मंच पर जीवंत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान बच्चों ने कहा कि विद्यालय का यह वार्षिक उत्सव शिक्षा, संस्कार, विज्ञान और राष्ट्रप्रेम का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर हम सभी के लिए स्मरणीय रहेगा।

### प्रतिभा और अनुशासन को मिली सराहना

विद्यालय की प्राचार्य अंजू ठाकुर ने अपने प्रतिवेदन में विद्यालय की वर्षभर की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सरोज बहल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें वैज्ञानिक सोच, सामाजिक जागरूकता और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करते हैं। विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव ज्योति पुरंग ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान अवनीभूषण पुरंग, रवि आर्य, कमलेश आर्य, आचार्य डॉ. अजय आर्य, प्रवीण गुप्ता, मधु गुप्ता, परमवीर भल्ला, प्रकाश कुमार डोनोडे, शीला फण्ड सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन के. राजी, सुप्रिया और नित्या पटेल द्वारा किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समन्वयक डॉ. झरना सिंह रही।

## तमिलनाडु से आए पंडित

# महारुद्रम महोत्सव के चौथे दिन अनुष्ठान में चारों पहरों में हुआ अभिषेक, आज होगा समापन

**भिलाई।** स्कन्दाश्रम हुडकों में रूद्रम शिवरात्रि महोत्सव का पांच दिवसीय आयोजन को चौथे दिन दीदी शिवरंजनी के मार्गदर्शन में सप्तीगिरी शास्त्रीगल इरोड तमिलनाडु और उनके साथी वेदाचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजा संपन्न काराई गई।

स्कंधा आश्रम हुडको में रविवार को शिवरात्रि के दिन महारुद्रम महोत्सव का चौथे दिन मनाया गया। सुबह से आश्रम परिसर में भक्तगणों के लिए शिवलिंग के अभिषेक की विशेष व्यवस्था की गई थी। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महादेव का जल, फूल, बेल पत्र से अभिषेक किया। दिन में 2 काल की पूजा हुई और पूजा पश्चात भक्तों के लिए आश्रम में दोनों समय फलाहार की विशेष व्यवस्था भी की गई थी।हर रविवार को स्कन्दाश्रम में शक्ति अन्नदान नामक निःशुल्क भोजन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है आज शिवरात्रि का दिन होने की वजह से शक्ति अन्नदान में शामिल होने आए लोगों ने भी बाबा के अभिषेक का लाभ उठाया। जिससे सभी भक्तों ने प्रसन्न भाव से पूजा-पाठ किया। महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा शाम से चालू हुई जो पूरी रात चली। सभी 4 पहरों में रुद्राभिषेक और जाप



और पूजा की गई। दीदी शिवरंजनी ने बताया कि महारुद्रम समूह होता है 1331 बार रुद्र जाप का, जिसमें एक तिहाई भाग को हवन के रूप में महापूर्णाहुति में समर्पित किया जाता है इसके बाद ही महारुद्रम का समापन होगा। सोमवार यानी आज सुबह 10 बजे से महोत्सव के अंतिम दिन महापूर्णाहुति, कलश अभिषेकम और महादीप दान का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद महाभंडारे का आयोजन भक्तों के लिए किया जाएगा।



## आयोजन

# रंग महोत्सव में नायडू को किया गया सम्मानित



**भिलाई।** दो दिवसीय बोरिया रंग महोत्सव व मंडई मेला का आयोजन ग्राम बोरिया में किया गया। इस दौरान वैद्यराज वाय अप्पल नायडू को शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान से नवाजा गया।

वैद्यराज अप्पल नायडू 40 वर्षो से लोगों के शरीर के दर्द को ठीक करते आ रहें है। इनके यहां देश प्रदेश के कई बड़े जनप्रतिनिधि, अफसर दर्द ठीक कराने पहुंचते है। महोत्सव में अतिथि के रुप में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, विधायक दीपक साहू, बेमेतरा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, छग फिल्म विकास निगम व केश शिल्प कल्याण बोर्ड चेयरमेन मोना सेन समेत अनु. जनजाति मोर्चा अध्यक्ष राजू लाल नेताम आदि मौजूद थे।

## जापान, फिलीपींस, चीन, भारत, कोरिया आदि देशों से आए प्रवासियों ने बताए अनुभव

# हिंदी मीडियम वाले मयंक का भिलाई से अमेरिका तक का दुनिया ने जाना सफर, लोगों ने साझा की संघर्ष की कहानियां

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** हिंदी-यूएसए सेंट लुइस के संस्थापक मयंक जैन ने एशियन अमेरिकन कहानी-वाचन कार्यक्रम में भाग लिया। यह एक विशेष मंच था जहां प्रवासियों और उनके परिवारों ने अपने-अपने देश से आकर यहां अमेरिका में पहचान बनाने तक के संघर्ष, पहचान और अपनत्व की प्रेरक यात्रा साझा की। उल्लेखनीय है कि पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर मयंक जैन मूलतः इस्पात नगरी भिलाई के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे अमेरिका में हिंदी की सेवा में भी जुटे हैं। एशियन अमेरिकन कहानी-वाचन कार्यक्रम का आयोजन मिसौरी यूनिवर्सिटी के कैम्बियो सेंटर की ओर से वेबस्टर यूनिवर्सिटी के ब्राउनिंग हॉल ऑडिटोरियम में किया गया था। जिसे एशिया नेटवर्क, मिसौरी ह्यूमैनिटीज तथा वेबस्टर यूनिवर्सिटी के संस्कृति एवं समाज, वैश्विक भाषा विभाग का सहयोग भी प्राप्त हुआ।



### 10 प्रतिभागियों का हुआ चयन

इस आयोजन के लिए सेंट लुइस क्षेत्र से 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया था। मंच पर जापान, फिलीपींस, चीन, भारत, कोरिया, वियतनाम और ईरान आदि देशों से आए प्रवासियों ने अपनी कहानियां सुनाई, जिसमें सभी ने अपनी-अपनी अनोखी जीवन यात्राएं साझा की। इन विविध अनुभवों ने दिखाया कि अलग-अलग संस्कृतियों से आए लोग किस प्रकार मिलकर अमेरिका और मिसौरी की बदलती हुई सामाजिक पहचान को गढ़ रहे हैं।



### मयंक ने बताया-हिंदी माध्यम से पढ़ाई के बाद अंग्रेजी में कैसे खुद को ढाला

मयंक ने यहां मौजूद वैश्विक बिरादरी के समक्ष भिलाई से मिसौरी तक का सफरनामा सुनाया। उन्होंने बताया कि उनकी कहानी भारत के एक छोटे से शहर भिलाई से शुरू होती है, जहां हिंदी माध्यम में पढ़ाई करते हुए जीवन का सफर शुरू किया। आगे चलकर भाषा को लेकर विपरित स्थिति भी आई, जब अंग्रेज़ी के माहौल में खुद को ढालना पड़ा और कई बार उनका आत्मविश्वास भी डगमगाया। समय के साथ समझ आया कि भाषा कमजोरी नहीं, बल्कि हमारी पहचान की ताकत है। मयंक ने बताया कि उन्हें अमेरिका आने के बाद यह महसूस हुआ कि नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा और संस्कृति से दूर होती जा रही है। इसी सोच ने हिंदी स्कूल शुरू करने की प्रेरणा दी, ताकि बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने का एक मंच मिल सके। छोटे से प्रयास ने धीरे-धीरे एक सामुदायिक आंदोलन का रूप ले लिया। आज पीछे मुड़कर देखने पर महसूस होता है कि जिन चुनौतियों को कभी बोझ समझा था, वही सबसे बड़ी सीख और शक्ति बन गईं। मयंक ने कहा कि उनकी यह कहानी सिर्फ व्यक्तिगत संघर्ष की नहीं, बल्कि भाषा, पहचान और समुदाय को जोड़ने की यात्रा की कहानी है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीएसपी के कप्तान वैभव और संगीत ने जड़े शानदार शतक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा





आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के पहले दिन राज्य के अलग-अलग शहरों में शानदार मुकाबले हुए। आरडीसीए रायपुर में टीम बीएसपी के विरुद्ध बस्तर ने टॉस जीता और पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी में पांच विकेट पर 394 रन बनाए। बीएसपी टीम के कप्तान वैभव साहू ने नॉट आउट 126 रन बनाएं। वहीं संगीत सोनी ने 111 रन बनाए। दोनों ही बल्लेबाजों ने लगातार पारियों में शतक लगाया। शुभम मौर्य ने 52 रन, पियूष पिल्ले ने 42 रन, जसविंदर सिंह गिल ने 23 रन एवं कार्तिक नायडू ने नॉट आउट 25 रन बनाए। गेंदबाजी में बस्तर के सौरव मजूमदार ने तीन विकेट व अब्दुल अनस खान ने एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में टीम दुर्ग के विरुद्ध राजनांदगांव ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने पहली पारी में 5 विकेट पर 341 रन बनाए। उपेंद्र सिंह मरकाम ने 125 रन, बी बालाजी राव ने 70 रन, कैप्टन रोहन टांक ने नॉट आउट 50 रन, श्रेयांश ने 33 एवं गौरव मिश्रा ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में दुर्ग के जितेश कुमार वर्मा ने दो विकेट, विक्रांत सिंह राजपूत एवं शिवम यादव ने एक-एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### ओपन नेशनल वेटलिफ्टिंग में रेहान ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** मोदीनगर में 03 से 14 फरवरी तक आयोजित प्रतिष्ठित ओपन नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में राजनांदगांव के होनहार वेटलिफ्टर रेहान खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यूथ वर्ग के 94 किलोग्राम ग्रुप में स्वर्ण पदक अपने नाम कर इतिहास रच दिया।

रेहान खान ने स्नेच में 125 किलोग्राम तथा क्लीन एंड जर्क में 161 किलोग्राम भार उठाकर कुल 286 किलोग्राम वजन के साथ गोल्ड मेडल जीतकर न केवल अपने जिले राजनांदगांव बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उनकी यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन का परिणाम है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को मिला एकमात्र स्वर्ण पदक रेहान खान के खाते में आया, जिससे प्रदेश का खेल गौरव और भी सुदृढ़ हुआ है। उनकी सफलता ने प्रदेश के युवा खिलाड़ियों में नया उत्साह और प्रेरणा का संचार किया है। स्वर्ण पदक जीतने के पश्चात रेहान खान ने दुर्ग सांसद एवं प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष विजय बघेल से उनके निज निवास सेक्टर-5, भिलाई में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने रेहान को मेडल पहनाकर उनका अभिनंदन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर प्रदेश वेटलिफ्टिंग संघ के उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोच अजय लोहार, रेहान के पिता मजहर खान, छबि राम विश्वकर्मा एवं कोमल सोनी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने रेहान की इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नेशनल पावरलिफ्टिंग में छत्तीसगढ़ का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** नागपुर में आयोजित 32वीं नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के बेंच प्रेस सिंगल इवेंट में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। 66 किलोग्राम जूनियर वर्ग में साहिल साहू ने रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। 74 किलोग्राम सीनियर वर्ग में प्रशाम दत्ता ने रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि प्रशाम दत्ता भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश खेल एवं कला के सह-प्रमुख भी हैं और खेल के साथ-साथ संगठन में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। 84 किलोग्राम सीनियर वर्ग में जयेश पंजवानी ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। इन उपलब्धियों पर छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग संघ के राज्य सचिव राकेश साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर टीम के मैनेजर यशवंत धुर्नादर ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

---

डॉक्टरों के मुताबिक ब्लड ग्रुप अनुसार खानपान रखना बेहतर

# आपका खानपान होना चाहिए ब्लड ग्रुप के अनुसार, इससे बेहतर रख सकते हैं अपनी सेहत को

साल 1996 में, नैचुरोपैथिक डॉक्टर पीटर जे. डीएडमो ने 'ईट राइट 4 योर टाइप' नाम से एक किताब लिखी, जिसमें उन्होंने दावा किया कि अपने ब्लड ग्रुप के हिसाब से डाइट का चयन करना कई बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है।

अच्छी सेहत के लिए अच्छा खान-पान बहुत जरूरी है। आपका डाइट जैसा होगा, उसका सेहत पर सीधा असर होता है, यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को विटामिन्स-मिनरल्स से भरपूर चीजें खाने की सलाह देते हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को अपनी सेहत के अनुसार ही डाइट का चयन करना चाहिए। जैसे कि अगर आपको डायबिटीज है तो लो-ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली चीजें खानी चाहिए वहीं हाई ब्लड प्रेशर या हार्ट की बीमारी वाले लोगों को सोडियम वाली चीजों का सेवन कम से कम करना चाहिए। पर क्या आप जानते हैं कि अपने ब्लड ग्रुप के आधार पर भी डाइट को लेकर ध्यान देते रहना जरूरी है?

किसी खास ब्लड ग्रुप वाले लोगों को ज्यादा मच्छर काटने, ब्लड ग्रुप और हार्ट की समस्याओं के खतरे को लेकर आपने भी कई रिपोर्ट्स देखी और पढ़ी होंगी।



आइए आज जानते हैं कि किस ब्लड ग्रुप वालों को किन चीजों का सेवन करना चाहिए?

### विशेषज्ञ ने किताब में किया है जिक्र

साल 1996 में, नैचुरोपैथिक डॉक्टर पीटर जे. डीएडमो ने 'ईट राइट 4 योर टाइप' नाम से एक किताब लिखी, जिसमें उन्होंने दावा किया कि अपने ब्लड ग्रुप के हिसाब से डाइट का चयन करना कई बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। कुछ खाद्य पदार्थ शरीर में इंफ्लेमेशन को कम करने, ऊर्जा बढ़ाने और वजन कम करने में आपके लिए मददगार हो सकते हैं।

डी'एडमो का दावा है कि आपके रक्त में पाए जाने वाले एंटीजन (जो यह तय करते हैं कि आप टाइप ओ, ए, बी या एबी हैं) भोजन के साथ प्रतिक्रिय कर सकते हैं। विभिन्न ब्लड ग्रुप वाले लोगों में अलग-अलग गट बैक्टीरिया भी होते हैं, इसलिए सही आहार का चयन पाचन, मेटाबॉलिज्म सहित कई प्रकार से आपके लिए लाभकारी हो सकता है।



### टाइप ए ब्लड ग्रुप वालों का डाइट

टाइप-ए ब्लड ग्रुप वाले लोगों को फलों और सब्जियों, टोफू, बीन्स और फलियों के साथ साबुत अनाज से भरपूर शाकाहारी आहार लेने की सलाह दी जाती है। डी'एडमो का कहना है कि टाइप-ए ब्लड वाले लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली संवेदनशील होती है। हरी सब्जियां, अनानास, ऑलिव ऑयल और सोया, वजन घटाने के लिए सबसे अच्छे हैं, जबकि डेयरी उत्पाद, मक्का और राजमा का सेवन कम करें। इम्युनिटी बढ़ाने वाली चीजें ज्यादा खानी चाहिए।



### टाइप बी ब्लड ग्रुप वालों का डाइट

अगर आपका ब्लड टाइप बी है, तो मीट, फल, डेयरी, सीफूड और साबुत अनाज वाला मिक्स डाइट सबसे अच्छा माना जाता है। जिन खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए उनमें मक्का, गेहूं, टमाटर, मूंगफली और तिल शामिल हैं। कुछ लोगों के लिए ज्यादा चिकन खाना भी समस्या पैदा कर सकता है। हरी सब्जियां, अंडे, लो फैट वाले डेयरी उत्पाद इस ब्लड ग्रुप वाले लोगों की सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

### टाइप एबी ब्लड ग्रुप वालों का डाइट

इस ब्लड ग्रुप वाले लोगों को जिन खाद्य पदार्थों पर ध्यान देना चाहिए उनमें टोफू, सीफूड, डेयरी और हरी सब्जियां शामिल हैं। डी'एडमो का मानना है कि एबी ब्लड टाइप वाले लोगों के पेट में एसिड की मात्रा कम हो सकती है और इस वजह से उन्हें कैफीन, शराब और स्मोक्ड मीट से बचना चाहिए।

---



# बच्चों के लिए जरूरी है बैड टच और गुड टच के बारे जानना

बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे किसी भी गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं।

आधुनिक माता-पिता अपने बच्चों के साथ असहज विषयों पर चर्चा करने से नहीं कतराते, क्योंकि वे जानते हैं कि छोटे बच्चों को सही ज्ञान देना महत्वपूर्ण है ताकि उन्हें नुकसान से सुरक्षित रखने में मदद मिल सके। बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराध के कारण बच्चों को सुरक्षा सिखाना जरूरी है। जो बच्चे गुड टच और बैड टच के बीच अंतर करने में सक्षम हैं, वे अपने माता-पिता को उनके साथ अनुभव किए जा रहे किसी भी गलत व्यवहार के बारे में बता सकते हैं। आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अपने बच्चों को गुड टच और बैड के बारे में कैसे समझा सकते हैं और उन्हें सुरक्षित रहने में मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं।



### क्या है गुड टच?

किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति से होता है और प्यार और देखभाल की तरह लगता है। वह गुड टच यानी कि अच्छा स्पर्श है। सिर या पीठ पर थपकी, गले लगाना जो मजबूरी या दबाव महसूस न कराए, अच्छा स्पर्श है। इस तरह का टच बच्चे को सुरक्षित महसूस कराता है।

### क्या है बैड टच?

कोई भी शारीरिक संपर्क जो सहमति के बिना होता है बुरा स्पर्श यानी कि बैड टच कहलाता है। यह सुरक्षित महसूस नहीं कराता है और शारीरिक दर्द भी पैदा कर सकता है। यह बच्चे को असहज महसूस कराने लगता है। निजी शरीर के अंगों को दबाना या छूना या असहज रूप से करीब होना बुरा स्पर्श कहलाता है।

### बच्चों को गुड और बैड टच में कैसे बताएं अंतर?

बच्चे मासूम होते हैं और उन्हें अपने बड़ों के निर्देशों का पालन करना सिखाया जाता है। वे उचित और अनुचित स्पर्श के बीच अंतर नहीं कर सकते हैं और दूसरों द्वारा आसानी से धोखा भी खा सकते हैं। बच्चों को कम उम्र से ही यह सिखाना जरूरी है कि हर किसी की एक शारीरिक सीमा होती है, जिसे बिना सहमति के पार नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें यह जानने की जरूरत है कि उनकी मां या कुछ खास देखभाल करने वालों के अलावा किसी को भी उनके निजी अंगों को देखने या छूने की अनुमति नहीं है। जब बच्चों को यह जानकारी दी जाती है, तो वे समझ जाते हैं कि कोई उनके साथ छेड़छाड़ या दुर्व्यवहार करने की कोशिश कर रहा है। वे गलत व्यवहार को पहचान लेंगे और अपने माता-पिता को इसकी सूचना देंगे। लेकिन अगर उन्हें इसके बारे में नहीं सिखाया जाता है, तो उन्हें धोखा देकर अधीनता में लाया जा सकता है और वे डर या शर्म के कारण अपने साथ हो रही घटनाओं के बारे में नहीं बता सकते हैं।



---

# रोटी बनेगी एकदम सॉफ्ट, अगर अपनाएंगे ये टिप्स

रोटी को सॉफ्ट रखने के टिप्स और ट्रिक्स क्या आपको पता है? अगर नहीं पता, तो हमारा यह लेख आपको कुकिंग प्रो बनाने में मदद करेंगे। रोटी बढ़िया तरीके से फूलेगी भी और लंबे समय तक सॉफ्ट रहेगी।

आटे को गूंथना मुश्किल नहीं है, लेकिन अगर उससे रोटी कड़क हो रही है तो हो सकता है आप ठीक से आटा नहीं गूंथ रहे हैं। वहीं, ऐसी कई सारी चीजें होती हैं जो आटे को सॉफ्ट बनाते हैं। इससे रोटी भी मुलायम बनती है। कुछ लोग आटा गूंथते वक्त आटे में गुनगुना दूध डालते हैं। कुछ बेकिंग सोडा या दही डालकर आटे को सॉफ्ट बनाते हैं। क्या आपने कभी आटे में इन सीक्रेट इंग्रीडिएंट्स को डालकर देखा है?

अगर नहीं, तो हम आज आपको एक अन्य सीक्रेट इंग्रीडिएंट के बारे में बताएंगे, जो आपकी रोटी को सॉफ्ट भी बनाएगा और लंबे समय तक फ्रेश रखेगा। साथ ही, इस लेख में रोटियों को अच्छे से पैक करने के हैक्स भी जानें।

### रोटी कड़क क्यों हो जाती है?

अगर आटे में पानी की मात्रा सही नहीं होगी, तो रोटी सूख सकती है। बहुत टाइट या बहुत ढीला आटा भी रोटी की सॉफ्टनेस को प्रभावित करता है। बहुत ज्यादा गरम तवे पर रोटी जल सकती है, जबकि ठंडे तवे पर यह अच्छी तरह फूलेगी नहीं। इतना ही नहीं, अगर आप रोटी को ढककर नहीं रखते हैं, तो भी यह जल्दी हार्ड हो सकती है।

### मैदे से कैसे सॉफ्ट होगी रोटी?

मैदा डालकर रोटी को और भी ज्यादा नरम बनाया जा सकता है। इसके लिए आपको सिर्फ एक चम्मच मैदा आटे में मिलाना है। इससे रोटी का टेक्सचर सॉफ्ट हो जाता है और यह जल्दी सूखती नहीं



### मैदा मिलाकर सॉफ्ट रोटी बनाने का तरीका-

इसके लिए आटा गूंथने से पहले उसमें थोड़ा-सा मैदा डालें। अगर आपने 2 कप गेहूं के आटा लिया है, तो उसमें 1 चम्मच मैदा और थोड़ा गुनगुना दूध डालें। आटे को ठंडे पानी से गूंथने की जगह हल्के गुनगुने पानी से आटा तैयार करें और इसे कम से कम 20 मिनट ढककर रखें। हल्के हाथ से बेलें और मीडियम गर्म तवे पर सेकें। अगर आप रोटी में घी लगाना पसंद करते हैं, तो उसमें घी लगाएं और मजा लें।

### रोटी को सॉफ्ट रखने के ट्रिक्स-

आटे को कम से कम 10 मिनट ढककर रखने से यह ज्यादा स्मूद और सॉफ्ट हो जाता है, जिससे रोटी भी नरम बनती है। यह आटा गूंथने की ट्रिक सॉफ्ट रोटी बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### सही तापमान पर रोटी सेकें

रोटी को ज्यादा गरम या ठंडे तवे पर नहीं सेंकना चाहिए। हमेशा मीडियम आंच पर सेकें और बीच-बीच में पलटते रहें। इससे यह अंदर तक अच्छी तरह सिकेगी और सूखेगी नहीं।

---

# फाल्गुन माह में करें गीता के श्लोक का जाप



इन दिनों फाल्गुन माह चल रहा है और इस माह में भगवान शिव, भगवान विष्णु और राधा-कृष्ण की पूजा का विशेष विधान है। मान्यता है कि फाल्गुन माह में कोई भी किया गया धार्मिक कार्य 100 गुना होकर वापस मिलता है। ज्योतिषाचार्य पं. विजयकांत भट्ट बताते हैं कि फाल्गुन माह में भगवद गीता के एक श्लोक का निरंतर रोजाना जाप करने से कई लाभ प्राप्त होते हैं।

भगवद गीता में एक श्लोक वर्णित है- 'अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाह परयुपासते।' इस श्लोक का अर्थ हैः जो लोग मुझे केवल अपने हृदय में सोचते हैं और मेरी पूजा करते हैं, मैं उन्हें सभी परेशानियों से मुक्त करता हूं।इस श्लोक में भक्ति योग का अद्भुत संदेश है। इसमें भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि जो भक्त बिना किसी भेदभाव के केवल उनका ध्यान करते हैं, भगवान उन्हें अपनी कृपा से हर मुश्किल से उबार ही लाते हैं।

फाल्गुन माह में रोजाना इस श्लोक का जाप करने से भगवान श्री कृष्ण की विशेष कृपा होती है। इस श्लोक के जाप से व्यक्ति में भक्ति का संचार होता है और वह आध्यात्म की ओर बढ़ता है।

इस श्लोक के फाल्गु माह में रोजाना जाप से आत्मा की शुद्धि होती है और आत्मिक उन्नति की दिशा में व्यक्ति का मार्गदर्शन होता है। आपका मन शांत होता है और भगवान से आपका जुड़ाव बढ़ता है।

इस श्लोक का जाप सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करता है। फाल्गुन माह में यह ऊर्जा विशेष रूप से शक्तिशाली होती है, और यह आपके जीवन में अच्छे परिवर्तन और मानसिक शांति लाती है।

---

कार्नर न्यूज

## कीगल एक्सरसाइज से शरीर की अंदरुनी समस्याएं भी होती हैं दूर

# कीगल एक्सरसाइज तेजी से अपना रहे हैं लोग पुरुषों और महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद

मेल हो या फीमेल, हर किसी को स्वस्थ रहने के लिए एक्सरसाइज की सलाह दी जाती है। एक्सरसाइज ना सिर्फ हमारे शरीर को मजबूती प्रदान करते हैं बल्कि कई तरह की अंदरूनी समस्यों का निवारण भी करते हैं। इन्हीं में से एक है कीगल एक्सरसाइज।

कीगल एक्सरसाइज एक सरल लेकिन प्रभावी एक्सरसाइज है जो पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए की जाती है। इन मांसपेशियों का मुख्य काम मूत्राशय, गर्भाशय और आंतों को सहारा देना होता है।

कीगल एक्सरसाइज को नियमित रूप से करने से मूत्राशय नियंत्रण, पेल्विक स्वास्थ्य, और यौन जीवन में सुधार हो सकता है। चाहे आप महिला हों या पुरुष, यह एक्सरसाइज आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। इसे करना आसान है और आप इसे कहीं भी, किसी भी समय कर सकते हैं।

### कीगल एक्सरसाइज क्या है?

कीगल एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए की जाती हैं, जो मूत्राशय,



गर्भाशय और मलाशय का समर्थन करती हैं। यह एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को कसने और ढीला करने की प्रक्रिया पर आधारित है।

### कीगल एक्सरसाइज क्या काम करती है?

कीगल एक्सरसाइज से पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, जिससे मूत्राशय की समस्याएं, पेल्विक ऑर्गन प्रोलैप्स और यौन समस्याओं में सुधार हो सकता है।

### किसे कीगल एक्सरसाइज करनी चाहिए?

कीगल एक्सरसाइज महिला और पुरुष दोनों कर सकते हैं। यह एक्सरसाइज वैसी महिलाओं को करनी चाहिए जिनकी डिलीवरी हुई हो या जिनमें मेनोपॉज के लक्षण हों।

वहीं, पुरुषों की बात करें तो मूत्राशय की समस्याओं या यौन समस्याओं से जूझ रहे पुरुषों को कीगल एक्सरसाइज करनी चाहिए। इसका काफी लाभ मिलता है।

### प्रेग्नेंसी के दौरान कीगल एक्सरसाइज



प्रेग्नेंसी के दौरान कीगल एक्सरसाइज पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों को मजबूत करती हैं, जो डिलीवरी और पोस्टनैटल रिकवरी में मदद कर सकती हैं।

### पेल्विक फ्लोर की मसल्स को कैसे पहचानें?

मूत्र प्रवाह को रोकें

मूत्र करते समय प्रयास करें कि प्रवाह को रोक सकें। जिस मांसपेशी का इस्तेमाल आप कर रहे हैं, वही पेल्विक फ्लोर की मांसपेशी है।

### मांसपेशी की संकुचन को महसूस करें

उंगली को योनि या मलद्वार में डालें और मांसपेशी को कसें। आपको संकुचन महसूस होना चाहिए।

### कीगल एक्सरसाइज कैसे करें?

वैसे तो कीगल एक्सरसाइज तीन तरह- बैठकर, खड़े होकर या लेटे हुए भी कर सकते हैं। लेकिन आपको जो आरामदायक लगे उसे ही करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ट्रंप की पत्नी की 20 दिन की कहानी 'मेलानिया' बनी सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' ने ओपनिंग वीकेंड पर रेकॉर्ड कमाई की है। इसकी मार्केटिंग पर 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए। इसे अब तक की सबसे महंगी डॉक्यूमेंट्री करार दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वाइफ और अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की नॉर्थ अमेरिका में वीकेंड बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग रही। हालांकि, फिल्म क्रिटिक्स से इस फिल्म को खराब रिव्यूज़ मिले हैं। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन ब्रेट रैटनर ने किया है। बता दें कि यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे शपथ ग्रहण से 20 दिन पहले की कहानी है।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, पहले ट्रंप सपोर्टर्स ने इसे बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग वीकेंड पर करीब 7 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई तक पहुंचाया। यह आंकड़ा एक डॉक्यूमेंट्री के लिए बहुत बड़ा है। उम्मीद की जा रही है कि यह करीब एक दशक में अपनी तरह की सबसे अच्छी परफॉर्म करने वाली डॉक्यूमेंट्री बन जाएगी। इसे लेकर फर्स्ट लेडी मेलानिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सभी के द्वारा पसंद किया गया- ए सिनेमास्कोर। 'मेलानिया' ने पहले ही 2025 के ऑस्कर के लिए नॉमिनेट पांच फिल्मों से अधिक कमाई कर ली है।'आईएएनएस की रिपोर्ट में कहा गया है कि, फिल्म क्रिटिक्स ने इसे मेटाक्रिटिक पर सिर्फ 6 पर्सेंट और रॉटेन टोमाटोज पर 10 पर्सेंट की अप्रूवल रेटिंग दी। इसका मतलब है कि 100 में से दस से ज्यादा क्रिटिक्स ने डॉक्यूमेंट्री को पॉजिटिव नहीं माना।

### टॉलीवुड

## महेश की 1200 करोड़ी फिल्म 'वाराणसी' का रामायण से कनेक्शन, शूट हुआ 25 मिनट का सीन



एसएस राजामौली अपनी सबसे बड़ी फिल्म 'वाराणसी' की रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिसमें प्रियंका चोपड़ा, महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल्स में हैं। यह फिल्म 7 अप्रैल, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस दिग्गज निर्देशक ने अब 'वाराणसी' से रामायण महाकाव्य के कनेक्शन की पुष्टि कर दी है। पॉलीगॉन से बात करते हुए राजामौली ने कहा, 'मेरी सभी फिल्में भगवान राम के महाकाव्यों से प्रेरित हैं। इस फिल्म में मुझे रामायण की एक वास्तविक घटना को लेकर उसे इस तरह प्रस्तुत करने का अवसर मिला है।'

फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने अपनी आगामी फिल्म 'वाराणसी' के सबसे चैलेंजिंग और क्रिएटिव सीन्स में से एक के बारे में खुलकर बात की है। निर्देशक ने फिल्म के एक 25 मिनट के उस सीन के बारे में भी खुलकर बताया जो पौराणिक महाकाव्य रामायण से प्रेरित है और जिसके बारे में उनका कहना है कि इसे फिल्माने में 60 दिन लगे। एसएस राजामौली ने 'वाराणसी' के पीछे की प्रेरणा के बारे में भी बात की।

राजामौली ने इस भव्य युद्ध सीन की मुश्किलों के बारे में बात करते हुए कहा, 'मेरी ज्यादातर फिल्में भारतीय महाकाव्य महाभारत और रामायण से प्रेरित हैं। इस फिल्म में मुझे रामायण के एक एपिसोड को हूबहू फिल्माने का मौका मिला।' उन्होंने बताया कि 25 मिनट का यह लंबा सीन कोई एक घटना नहीं है, बल्कि कई पलों का संयोजन है, जो एक भव्य युद्ध सीन में पिरोए गए हैं। फिल्म का वह एपिसोड कई सारे एपिसोड्स का संयोजन है। तो यह सब मिलाकर फिल्म में लगभग 25 मिनट का है, एक बार में ही फिल्म में आता है। उन एपिसोड्स को शूट करना, हर एक अपने आप में एक फिल्म बनाने जैसा था।

### भोजपुरी

## आम्रपाली की 'सीआईडी बहू' का ट्रेलर रिलीज, घर में दिखीं जासूसी करती



भोजपुरी फिल्मों की स्टार आम्रपाली दुबे की मच अवेटेड फिल्म 'सी.आई.डी बहू' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है और यह चर्चा में है। ट्रेलर को भोजपुरी सिनेमा टीवी चैनल पर रिलीज किया गया है और इसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। फैंस आम्रपाली दुबे के नए अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

'सीआईडी बहू' के ट्रेलर में आम्रपाली दुबे एक बेहद अलग और दिलचस्प किरदार में नजर आ रही हैं। वह अपने ही घर में रहकर जासूसी करती दिखाई देती हैं। फिल्म में सस्पेंस, इमोशन और कॉमेडी का जबरदस्त मिक्स देखने को मिलने वाला है। पारिवारिक कहानी पर आधारित यह फिल्म दर्शकों को गुदगुदाने के साथ-साथ भावनात्मक सफर पर भी ले जाती नजर आएगी। 'सीआईडी बहू' को लेकर आम्रपाली दुबे ने कहा, 'यह मेरे करियर की बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इसमें दर्शकों को मेरा एक बिल्कुल अलग और अनोखा किरदार देखने को मिलेगा। यह सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि परिवार और रिश्तों की भावनाओं को भी खूबसूरती से दिखाती है। फिल्म की कहानी, कॉन्सेप्ट और पूरी टीम का सहयोग शानदार रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शकों को यह फिल्म खूब पसंद आएगी और वो इसे अपने परिवार के साथ जरूर देखना चाहेंगे।' यह मेरे करियर की बेहद खास फिल्म है, क्योंकि इसमें दर्शकों को मेरा एक बिल्कुल अलग और अनोखा किरदार देखने को मिलेगा।

## लाइफ स्टाइल

### टेक-फर्स्ट ड्रेप्स

तेज़ प्लीट्स, क्लीन फॉल्स और ऐसी स्टाइलिंग जो घंटों तक वैसी ही बनी रहे। लेटेस्ट इंडियन वियर ट्रेंड्स के अनुसार, अब आप एक फ्लोई साड़ी को कॉर्सेट-स्टाइल ब्लाउज़ या स्ट्रक्चर्ड जैकेट के साथ पेयर कर सकती हैं, और फिर स्लीक हील्स के साथ इसे पूरा कर सकती हैं। इन नए फैशन ट्रेंड्स का मकसद ट्रेडिशनल सिलुएट्स को लगभग आर्किटेक्चरल लुक देना है, साथ ही उन्हें पहनने में आसान भी बनाए रखना है।



## ग्लोइंग स्किन पाने ले रही हैं विटामिन-ई का कैप्सूल, तो इन बातों का रखें खास ध्यान

खूबसूरत त्वचा पाने के लिए महिलाएं कई उपाय करती हैं और इन उपायों में विटामिन ई का कैप्सूल भी है। विटामिन ई का कैप्सूल में कई सारे गुण होते हैं और साथ ही इसका सही तरह से इस्तेमाल करने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होती हैं।

### फेस पर न करें डायरेक्ट इस्तेमाल

जहां विटामिन ई कैप्सूल कई सारे गुणों से भरपूर हैं और ये सभी गुण चेहरे के लिए फायदेमंद है तो वहीं अगर आप इसे डायरेक्ट फेस पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है। इसी के साथ स्किन जुड़ी समस्या भी पैदा हो सकती है।

### मात्रा का रखें खास ध्यान

कई बार ऐसा होता है जब आपकी अधिक मात्रा में इस्तेमाल करती हैं। लेकिन, ऐसा करने से भी स्किन को नुकसान हो सकता है। इसका अधिक इस्तेमाल करने से जहां त्वचा की रोनक कम हो सकती हैं तो साथ ही स्किन से जुड़ी समस्य भी शुरू हो सकती है।

### धूप में जाने से बचें

विटामिन ई कैप्सूल का पूरा फायदा आपकी स्किन को मिले इसके लिए आप लगाने के दौरान धूप में जाने से बचें। अगर आप इस प्लाई करने के बाद धूप में जाती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।



### एक्सपर्ट की टिप्स को करें फॉलो

विटामिन ई कैप्सूल हर किसी की स्किन पर सूट नहीं करता है । इसलिए स्किन पर इस्तेमाल करने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह लें साथ ही, पैच टेस्ट भी करें।

### इस बात का रखें खास ध्यान

अगर आपकी स्किन पर मुंहासे या एक्ने हैं तो आप विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल न करें। अगर आप इसे स्किन पर अप्लाई करती हैं तो स्किन को नुकसान हो सकता है।

## बाहर जाना है तो न्यू लुक के लिए वियर करें को-ऑर्ड





फैशन की इस दुनिया हर दिन एक नया तरह का आउटफिट लॉन्च होता हैं और इन सबके बीच कुछ ऐसे आउटफिट होते हैं जिन्हें महिलाएं न्यू लुक पाने के लिए वियर करना पसंद करती हैं। वहीं इन दिनों को-ऑर्ड सेट काफी ट्रेंड में है और कई सारे खास मौकों पर महिलाएं इन्हें स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप किसी पार्टी या कहीं घूमने जा रही हैं और इस दौरान न्यू लुक चाहती है तो आप ये को-ऑर्ड वियर कर सकती हैं।

### डेनिम को-ऑर्ड



इस तरह का डेनिम सेट पार्टी या आउटिंग दोनों ही मौकों पर वियर करने के लिए बेस्ट है। इस तरह के डेनिम को-ऑर्ड जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस डेनिम को-ऑर्ड में अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप चेन नेकलेस वियर कर सकती हैं साथ ही, हाथों में ब्रेसलेट और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं। इस तरह का आउटफिट आपको 700 से 1,000 रुपये की कीमत में मिल सकता है।

### रैप को-ऑर्ड सेट

अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के रैप डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह का को-ऑर्ड सेट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इसमें आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस को-ऑर्ड सेट में अपने लुक कम्पलीट करने के लिए आप लॉन्ग इयररिंगस साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट को आप 1,000 से 1,500 रुपये में कई सारे पैटर्न में खरीद सकती हैं।

न्यू लुक के लिए इस तरह के प्रिंट डिजाइन वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं और इस को-ऑर्ड सेट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

## शेयर करती हैं मेकअप तो पहले जान लें इसके बड़े नुकसान

चाहे वह लिपस्टिक हो, काजल हो या हो मेकअप ब्रश, इन सभी चीजों को शेयर करने से बैक्टीरिया और वायरस आसानी से फैल सकते हैं। आइए जानते हैं मेकअप शेयर करने से होने वाले बड़े नुकसानों के बारे में।

कई बार लड़कियां अपनी सहेलियों के साथ मेकअप प्रोडक्ट्स शेयर भी कर लेती हैं, जोकि बिल्कुल नहीं करना चाहिए। ये आदत आपको कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स और इन्फेक्शन का शिकार बना सकती है।

### ब्रश इस्तेमाल करने से स्किन इंफेक्शन का खतरा

जब आप दूसरों के साथ मेकअप ब्रश शेयर करती हैं, तो बैक्टीरिया और फंगल इंफेक्शन फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसकी वजह से कई बार किसी और के मेकअप प्रोडक्ट्स में मौजूद बैक्टीरिया आपकी त्वचा में पिंपल्स, रैशेज और एलर्जी पैदा कर सकते हैं। खासतौर पर ये दिक्कत तब आती है, जब आप किसी और के इस्तेमाल किए हुए ब्रश इस्तेमाल करती हैं।



आई मेकअप शेयर करने से होता है ये खतरा

कभी भी आई मेकअप तो गलती से भी शेयर नहीं करना चाहिए। मस्कारा, आईलाइनर और काजल जैसे प्रोडक्ट्स में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। इन्हें शेयर करने से कंजक्टिवाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जब आई मेकअप खुद भी इस्तेमाल करें तो पहले ब्रश को अच्छी तरह से साफ अवश्य कर लें। वैसे तो लिपस्टिक हर लड़की के बैग में रखी रहती है, लेकिन कई बार जब किसी और का शेड पसंद आता है तो हम उसे मांग के ला लेते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। लिपस्टिक या लिप ग्लॉस शेयर करने से फीवर ब्लिस्टर जैसी संक्रामक बीमारियां तक फैल सकती हैं।

## बदलते मौसम में तेजी से झड़ने लगे हैं बाल तो इस्तेमाल करें ये घरेलू नुस्खे

फरवरी का महीना चल रहा है, ऐसे में बदलते मौसम में अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। जहां अभी तक लोगों की हालत ठंड से बेहाल थी, वहीं अब गर्मी से लोग परेशान होने लगे हैं। दिन के समय तो तेज धूप भी आने लगी है, जिस वजह से लोग काफी परेशान हैं। इस मौसम का असर सीधा-सीधा लोगों की त्वचा और उनके बालों पर पड़ने लगा है। ऐसे में बालों का झड़ना तो बेहद ही आम समस्या है। यदि आप भी इस बदलते मौसम में हेयर फॉल से परेशान हैं तो इसके लिए यहां हम आपको कुछ नुस्खे देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

### मेथी और नारियल तेल आएगा काम

यदि आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें। दरअसल, नारियल तेल बालों के लिए प्राकृतिक कंडीशनर का काम करता है, जबकि मेथी में मौजूद तत्व बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। इस पैक के इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच मेथी दानों को रातभर भिगोकर पीस लें। इसे गुनगुने नारियल के तेल में मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। हल्के हाथों से सिर की मसाज करें और 30 मिनट बाद हल्के शैंपू से धो लें।



### आंवला और दही का मास्क

बालों के लिए आंवला काफी फायदेमंद माना जाता है। ऐसे में 2 चम्मच आंवला पाउडर में 2 चम्मच दही मिलाएं। इस पेस्ट को स्कैल्प पर लगाएं और आधे घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। ये बालों को जड़ से मजबूती देता है और झड़ने से भी रोकता है।

### प्याज का रस रहेगा फायदेमंद

प्याज के रस में सल्फर होता है, जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है। ऐसे में इसके इस्तेमाल से बाल झड़ना भी बंद हो जाता है।

कार्नर न्यूज

**कपड़े से लेकर जूते और हेयर स्टाइल के अलावा और भी बहुत कुछ है ध्यान देने**

## पार्टी में छा जाने की हसरत है तो पहले याद रखिए जरूरी ग्रूमिंग टिप्स, सबकी नजरें आप पर ही होंगी

पार्टी में जाने की तैयारी पूरी है, कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल भी परफेक्ट लग रहा है। लेकिन यकीन मानिए कि आप अभी भी तैयार नहीं हैं। ऐसा कैसे, आप यही सोच रहे हैं न। लेकिन ये सही है कि आप तैयार नहीं हैं। पार्टी में जाने के लिए आपको प्री पार्टी ग्रूमिंग करनी होगी। ताकि पार्टी में सबकी नजरें बस आप पर ही हों।

इसके लिए आपको कुछ खास ग्रूमिंग टिप्स आजमाने होंगे। ये टिप्स आजमाकर आप सबका दिल जरूर जीत लेंगे।

### पार्टी से पहले करें ग्रूमिंग

ग्रूमिंग पर बहुत ध्यान देते हैं तो पार्टी से पहले खासतौर पर इस पर ध्यान दीजिए। आपको क्या-क्या करना होगा, जान लीजिए-एक दिन पहले एक्सफोलिएट

कम से कम कोशिश में ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए एक्सफोलिएट किया जाना चाहिए। एक्सफोलिएशन के बाद स्किन सच में फ्रेश सी हो जाती है।

इससे डेड स्किन हटती है तो स्किन में बसी गंदगी भी बहर हो जाती है। टॉक्सिन निकलते ही स्किन फ्रेश-फ्रेश हो जाती है।



इसके लिए बिलकुल थोडा सा स्क्रब लें। अब इससे फोरहेड, गाल, चिन और नाक पर उंगली की टिप से मसाज करें। हालांकि इस दौरान आंखों के नीचे के एरिया पर ये मसाज न करें।

### नया हेयर कट करवा लीजिए

पार्टी में जाने से पहले हेयर कट ज़रूरी होता है। ये जरूरी इसलिए होता है क्योंकि आपका लुक अचानक से अच्छा लगने लगता है।

इसके लिए बस कीजिए इतना कि बालों के साथ कोई अनोखा प्रयोग मत कीजिए। सेफसाइड हेयरस्टाइल ही अपनाइए। इससे लोगों को आपका लुक अचानक से बदला हुआ लगेगा। आपका लुक उन्हें बिलकुल फ्रेश लगने लगेगा। बस यहीं पर सबकी नजरें आप पर ठहर जाएंगी।

### छोटी बातें, पते की बातें

अक्सर पुरुष बाल, कपड़े और हेयर स्टाइल के साथ स्किन पर भी ध्यान देते हैं लेकिन बहुत छोटी बातों को ऐसे ही छोड़ देते हैं। ये छोटी-छोटी बातें हैं, नाखून, कान या नाक से बाहर आते बाल।

इन छोटी ग्रूमिंग पर भी ध्यान दीजिए। ताकि आपका लुक बिलकुल परफेक्ट हो सके। आपको इस दौरान कपड़ों की डिटेल पर भी ध्यान देना होगा, जैसे उन्हें किसी तरह की मरम्मत की जरूरत तो नहीं है।

### थोड़ा बहुत मेकअप



आजकल पुरुष भी मेकअप करते हैं। ये मेकअप आप भी कीजिए। लेकिन उस दिन मेकअप के खराब होने की संभावना बिलकुल न हो इसलिए आप एक दिन पहले मेकअप करके देख लें। समझ लें कि आपको कैसा लुक चाहिए और आप इसके लिए किस तरह का मेकअप कर सकते हैं।

लंबे समय तक चलने वाले डियो

पार्टी में जाने से पहले आप ऐसे डियो का इस्तेमाल करें जो लॉन्ग लास्टिंग हों। जिनके साथ आप काफी देर तक फ्रेश महसूस कर पाएं।